हरिभूमि
रायपुर भूमि



# बूढ़ातालाब में बिकेगी शराब?

- चलने फिरने की जगह पर लोहे के एक कंटेनर में 5 दुकानें
- दानी स्कूल, डिग्री कालेज एंट्री पाइंट पर रूफ टॉप कैफे, छात्राओं की निजता खतरे में

## वॉक की जगह पर चौपाटी 17 कंटेनर, एग्रीमेंट में एल्कोहल का जिक्र

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा तालाब, कटोरा तालाब के बाद अब ऐतिहासिक बूढ़ातालाब की दुर्गति तय है। यहां रोज-सुबह बड़ी संख्या में लोग सेहतमंदी के लिए ताजी हवा में सांस लेने, एक्सरसाइज करने और तनावमुक्त प्राकृतिक माहौल का आनंद उठाने सुकून के साथ आते हैं, पर शहरवासियों को अब बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर मार्निंग और इवनिंग करना भी मुश्किल हो रहा है।

शेष पेज 13 पर

### शिकायतें आई हैं संज्ञान में लेंगे



चौपाटी निर्माण को लेकर शिकायतें आई हैं, इसे संज्ञान में लेंगे। किसी भी हालत में तालाब का रकबा कम नहीं होने दिया जायेगा। जनहित में जो भी निर्णय लेना पड़े, नगर निगम इस पर निर्णय लेगा।

**- मीनल चौबे,** महापौर नगर निगम

## खबर संक्षेप

### दुकान में सट्टा खिलाते संचालक गिरफ्तार



**रायपुर।** अभनपुर पुलिस ने सट्टा एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 21 मार्च को सूचना मिली कि राजिम रोड स्थित मां शारदा ऑटो पार्ट्स दुकान के संचालक द्वारा अंकों पर दांव लगाकर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत दुकान में दबिश दी। इस दौरान दुकान संचालक कैलाश गुप्ता द्वारा पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित किया जाना पाया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से नकदी 2260 रुपए एवं सट्टा-पट्टी तथा डाट पेन जब्त की है। आरोपी के विरुद्ध धारा 4(क) जुआ अधिनियम एवं 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### एक दशक बाद पकड़ाया चार सौ बीसी का आरोपी



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में दस वर्षों से फरार आरोपी अली हुसैन को गिरफ्तार किया है। मामला 2015 का है। खमतराई पुलिस ने पिछले 10 वर्षों से फरार आरोपी अली हुसैन को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी हरदीप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके द्वारा भेजे गए माल में 53981 रुपए का नुकसान हुआ है। जांच में पाया गया कि अली हुसैन और उसके अन्य चार साथियों ने मिलकर कपड़े, बिजली का सामान और अन्य वस्तुओं को सस्ते दाम पर अवैध रूप से बेच दिया था। पुलिस इस मामले में उसके चारों साथियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी हैं, वहीं हुसैन फरार था। पुलिस ने अब एक दशक बाद हुसैन को भी गिरफ्तार किया है।

### चोरी कर सामान कबाड़ी को बेचा, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने अलग-अलग चोरी के पांच मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी संदीप देशकर ने 14 नवंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग चोरी किए गए सामान को कबाड़ी में बेचने जा रहे हैं। पुलिस ने इसके बाद मनीष उपराड़े और बबलू गाड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी के सामान को कबाड़ी शिवफूल यादव को बेचने की बात स्वीकार की।

बिरगांव निगम ने 40 वार्डों में पेयजल आपूर्ति के लिए की समीक्षा, टेंडर नहीं करने लिया निर्णय

# गर्मी में सूखे 50 फीसदी बोर, एजेंसी की जगह निगम अपने ही टैंकरों से बुझाएगा प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी में पेयजल संकट से निपटने रायपुर निगम जहां हर साल लाखों रुपए खर्च करता है, वहीं बिरगांव निगम ने इस साल एजेंसी के टैंकर से तौबा करने का निर्णय समीक्षा बैठक में लिया है। इस सीजन में जिम्मेदारों ने निगम के 15 टैंकर से 40 वार्डों में पेयजल आपूर्ति से लोगों की प्यास बुझाने का निर्णय ऐसी स्थिति को देखते हुए लिया है, जहां हर साल 50 फीसदी बोर गर्मी में सूख जाते हैं।

बिरगांव निगम क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के तहत पेयजल की बेहतरी के लिए 16 टंकियों से 26 हजार परिवारों को नल कनेक्शन दिया है। जिस क्षेत्र में उद्योगों की वजह से केमिकल युक्त पानी की समस्या है। ऐसे वार्डों में भी एजेंसी के टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने की बजाय इस गर्मी में निगम ने अपने संसाधनों का उपयोग करने का मन बनाया है। केमिकल युक्त पानी की सममस्या उरकुरा, रावांभाठा और सरोरा में ज्यादा है।



### 120 ट्रिप पानी देने के लिए संसाधन

जल प्रदाय विभाग ने यह निर्णय समीक्षा बैठक में इसलिए लिया है, क्योंकि निगम के पास वर्तमान में 15 टैंकर हैं। प्रति टैंकर रोज 8 ट्रिप पानी आपूर्ति देता है, तो प्रतिदिन 120 टैंकर पानी पहुंचाने के लिए निगम के पास संसाधन उपलब्ध है। इसके अलावा 10 टैंकर ट्राली अतिरिक्त होने से वैवाहिक एवं अन्य डिमांड को पूरा करने के लिए रखा है। इनके संचालन पर ही शासन से मिलने वाले फंड को खर्च करने के साथ ही बचने वाले फंड से टैंकर और ट्राली की संख्या बढ़ाने पर जिम्मेदारों के द्वारा विचार किया जा रहा है।



### क्षेत्र के वार्डों में 785 बोर और हैंडपंप

घनी आबादी के बीच 585 बोर और 200 हैंडपंप हैं। इनमें से 390 से ज्यादा हर साल गर्मी में सूख जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए निगम के जिम्मेदारों ने अब ऐसे बोर और हैंडपंप का चिन्हांकन करते हुए जिस बोर या हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं हैं। जो बोर या हैंडपंप हर साल गर्मी में सूखते हैं, ऐसे पेयजल से जुड़े संसाधनों का चिन्हांकन करने का निर्णय लेने के साथ ही इनमें अलग-अलग रंग के पेंट लगाने का निर्णय लिया है, ताकि लोगों को पता चल सकें कि वे जिस बोर से पानी भरते हैं, उनकी स्थिति क्या है।

### 31 एमएलडी हो गई प्लांट की क्षमता

उरला स्थित फिल्टर प्लांट की क्षमता पहले 14 एमएलडी थी। नए प्रोजेक्ट के तहत 17 एमएलडी क्षमता बढ़ाने से अभी 31 एमएलडी पानी निगम रोज फिल्टर करने के बाद 16 टंकियों तक पहुंचाता है। जहां से 40 वार्डों में पहुंचाता है। इसके साथ ही जिस क्षेत्र में कम पानी पहुंचने या पाइप लाइन विस्तार नहीं होने की स्थिति है, वहां निगम अपने टैंकर से पेयजल की आपूर्ति करने की तैयारी में है। ऐसा करते हुए निगम शासन से पेयजल आपूर्ति के लिए मिलने वाले करीब 30 लाख फंड को खर्च करते हुए संसाधन बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

### नहीं चलवाएंगे एजेंसी का टैंकर

वार्डों में 26 हजार से ज्यादा परिवारों को नल कनेक्शन दिया है। गर्मी में 50 फीसदी बोर सूख जाते हैं। कुछ वार्डों में केमिकल युक्त पानी की समस्या के विकल्प के लिए पर्याप्त टैंकर है, इसलिए एजेंसी का टैंकर नहीं चलवाने का निर्णय लिया है।

**- इकराम अहमद,** अध्यक्ष जलप्रदाय विभाग, ननि बिरगांव

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल छत्तीसगढ़ आएंगी, विधानसभा परिसर में कड़ी सुरक्षा

- एयरपोर्ट से विधानसभा तक सड़क मार्ग की व्यवस्था अधिकारियों ने देखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार 24 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान विधानसभा में होने जा रहे खास कार्यक्रम में वे शामिल होंगी। यहां रजत जयंती वर्ष के दौरान प्रबोधन कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू विधायकों से चर्चा करेंगी और सदन को संबोधित करेंगी। वे विधायकों की जिम्मेदारी, लोकतंत्र में विधानसभा की भूमिका, छत्तीसगढ़ की प्रगति और राज्य के विकास को लेकर अपने विचार

शेष पेज 13 पर

### ऐसा है दौरा कार्यक्रम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम इस प्रकार है- सुबह 8.30 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होकर 8.45 बजे पालम हवाई अड्डा पहुंचेंगगी। 8.55 बजे पालम हवाई अड्डा से रायपुर रवाना होकर 10.35 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगी। 10.45 बजे स्वामी विवेकानंद

शेष पेज 13 पर

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा के लिए रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा को संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। विधानसभा परिसर में सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। राष्ट्रपति के प्रवास में डीआईजी कमांडेंट और आईपीएस रैंक के अधिकारियों के साथ ही 500 सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू माना एयरपोर्ट पर आने के बाद सड़क मार्ग से विधानसभा जाएंगी। सड़क मार्ग की पूरी व्यवस्था अधिकारियों ने देखी।

# तीस फीसदी आबादी हाई बीपी से पीड़ित दस प्रतिशत को शुगर की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यस्तता भरी दिनचर्या और खानपान की अनियमितता की वजह से बीपी-शुगर की समस्या अब सामान्य रूप ले चुकी है। आंकड़ों पर गौर करें, तो रायपुर जिले की लगभग तीस फीसदी आबादी हाई बीपी की समस्या से पीड़ित है। दस प्रतिशत लोग शुगर संबंधी परेशानी झेल रहे हैं और इसके नियंत्रण के लिए उपचार करवा रहे हैं।

गैर संचारी रोग की श्रेणी में आने वाली यह बीमारी अब लाइफ स्टाइल का हिस्सा बन चुकी है। 15 साल से अधिक आयु होने के बाद विभिन्न तरह की व्यस्तताओं और तनाव भरी जिंदगी की वजह से इसका जोखिम बढ़ जाता है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार देश में बीपी की समस्या 36 फीसदी और शुगर से पीड़ितों की संख्या 11 फीसदी तक पहुंच चुकी है। छत्तीसगढ़ समेत रायपुर जिला भी इससे पीछे नहीं है और यहां भी बड़ी संख्या में लोग दोनों तरह की समस्याओं के उपचार के लिए किसी ना किसी तरीके से दवाओं का सेवन कर रहे हैं।

**बदलती दिनचर्या से लोगों की बिगड़ रही सेहत स्वास्थ्य विभाग चला रहा जांच अभियान**



### कैंसर की भी स्क्रीनिंग

बीपी-शुगर के साथ एनसीडी कार्यक्रम के तहत गले, ब्रेस्ट और मुंह के कैंसर के मरीजों की पहचान के लिए मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। तंबाकू युक्त पदार्थों का उपयोग अधिक बढ़ने की वजह से कैंसर की शिकायतें भी लगातार बढ़ रही हैं। आंबेडकर अस्पताल के क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में इलाज के लिए पहुंचाने वाले गले और मुंह के कैंसर की तीस फीसदी वजह तंबाकू के संबंधित उत्पादों के उपयोग को माना जाता है।


### जांच की जा रही

बीपी-शुगर पीड़ितों सहित गैर संचारी रोग से प्रभावितों की पहचान के लिए जांच की जा रही है। उसका उद्देश्य लोगों को सही समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी**
जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में फोकस

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 30 साल से अधिक आयु वालों की जांच के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों पर फोकस किया गया है। पीएचसी स्तर के चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि आने वाले 30 साल से अधिक आयु वाले तमाम मरीजों की अन्य बीमारियों के साथ उनके बीपी-शुगर की जांच की जाए। अगर वे पीड़ित मिलते हैं, तो उन्हें आवश्यक दवा उपलब्ध कराई जाए। हालांकि डाक्टरों की सलाह के बाद काफी लोग मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीदकर खा रहे हैं।





सातों दिन होगी उड़ान, सुबह साढ़े आठ बजे रायपुर पहुंचेगी

# इंदौर की दूसरी फ्लाइट दिलाएगी किराए में राहत, दोपहर में पूरा होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदौर से संचालित होने वाली दूसरी नियमित फ्लाइट यात्रियों को किराए में राहत देगी। 30 मार्च से शुरू होने वाली यह फ्लाइट सुबह-सुबह रायपुर आएगी और दोपहर में लौटेगी। रायपुर-इंदौर के बीच पिछले कुछ समय से यात्रियों की संख्या काफी बढ़ी है, जिसकी वजह से इसका किराया 12 हजार रुपए तक पहुंच जाता है।

सातों दिन संचालित हो वाली इस फ्लाइट से यात्रियों के पास सफर के लिए दो विकल्प होगा। अभी संचालित होने वाली फ्लाइट साढ़े दस बजे रायपुर से रवाना होकर 11.50 बजे इंदौर पहुंचती है। 30 मार्च के बाद यात्री दोपहर एक बजे भी इंदौर के लिए अपनी यात्रा शुरू कर कर सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ समय से रायपुर से इंदौर के बीच लोगों की आवाजाही बढ़ी है। इससे उज्जैन के महाकाल मंदिर की आस्था से भी जोड़कर देखा जा रहा है। शेड्यूल के अनुसार नयी फ्लाइट सुबह 6.30 बजे इंदौर से रवाना होकर 8.30 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसकी वापसी रायपुर से दोपहर 12.50 से दोपहर 2.45 बजे होगी। इसके अलावा रायपुर से भोपाल के बीच भी एक फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी।



### विशाखापट्नम का टिकट 3 हजार में

समर शेड्यूल में यात्रियों को रायपुर से विशाखापट्नम जाने के लिए भी सुविधा मिलेगी। सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को उड़ान भरने वाली इस पहली फ्लाइट का 31 मार्च को रवाना होगी। इस फ्लाइट का प्रारंभिक किराया अभी 3 हजार रुपए है, आने वाले दिनों में बुकिंग के साथ फेयर भी बढ़ा हुआ है। विशाखापट्नम के उड़ान सेवा दो साल से बंद थी जिसके शुरू होने के अनुमान काफी सय से लगाया जा रहा था।

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

आरंग। क्षेत्र में लगातार अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा के खिलाफ अभियान के चलते शनिवार को ग्राम समोदा में अज्जू उर्फ अजय देवदास पिता स्व. परसराम देवदास 40 वर्ष साकिन समोदा (आरंग) को अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे शराब को घर के बाड़ी पहुंचकर रेड़ कार्यवाही किया गया। बाड़ी में 02 सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 144 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब मात्रा 25.920 बल्क लीटर किमती 15840 रू. का बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी अज्जू उर्फ अजय देवदास के विरूद्ध अप.क्र. 164/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानतीय होने से माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में केन्द्रिय जेल रायपुर रवाना किया गया है।

### तिल्दा नेवरा ब्लॉक में भी खुलेंगी नई शराब दुकानें

तिल्दा नेवरा। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 67 नई शराब दुकानें खोलने आदेश जारी कर दिए हैं। जिसमें तिल्दा नेवरा क्षेत्र में भी शराब दुकानें खोली जा रही है। राज्य सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में भी नई शराब दुकानें खोल रही है। बताया जाता है कि ग्राम ताराशिव के अलावा ग्राम खपरी, बेमता, कठिया, कोसरंगी, संकरी आदि गांव भी शामिल है जहां नई शराब दुकानें खोली जाएगी।

### आज से समोदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रामायण समारोह

आरंग। नगर पंचायत समोदा क्षेत्र के गाँव सेमरिया, अमोदी, हरदीडीह में 23 से 26 मार्च तक त्रिदिवसीय रामायण समारोह का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। जिसमें सभी गांवों में बाहर से आने वाले प्रत्येक मानस मंडली को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक गांव के संचालकों ने अधिक से अधिक संख्या में मानस मंडलियों को गांव आने का अनुरोध किया है।

### आज से समोदा में शिव महापुराण कथा

आरंग। नगर पंचायत समोदा के प्राचीन शिव मंदिर मे 23 से 29 मार्च तक शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। जिसके कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से है।

### आरंग में गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छग का प्रांतीय अधिवेशन

आरंग। छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं शिक्षक एलबी संवर्ग सहित आरक्षित वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के लिए लड़ने वाले तथा अनुसूचित जाति जनजाति के संवैधानिक अधिकारों के सजग प्रहरी छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त संगठन गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ का प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय अधिवेशन सह वार्षिक आमसभा का आयोजन आरंग के कॉलेज चौक स्थित सतनाम भवन में 23 मार्च को रखा गया है। संगठन के रायपुर जिला अध्यक्ष एवन बंजारे ने बताया कि उक्त अधिवेशन सह आमसभा में प्रदेश अध्यक्ष का 3 वर्ष कार्यकाल समाप्त होने के कारण प्रांत अध्यक्ष का निर्वाचन, वार्षिक आमसभा, विचार गोष्ठी एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारी व शिक्षक हित के विभिन्न विषयों पर निर्णय लेकर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

## निधन

### विशाल देवांगन

आरंग। ग्राम करमन्दी निवासी 96 वर्षीय विशाल देवांगन का शनिवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे गुमान व खुमान देवांगन के पिता थे।



### मांडवी चंद्राकर

आरंग। ग्राम छटेरा निवासी मांडवी चंद्राकर (92 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी किनारे मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम कार्यक्रम में परिवार, समाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वे वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश चंद्राकर की माता एवं अंकुश चंद्राकर व सृजन चंद्राकर की दादी थी।



दिवस : श्री हरदेव लोधी समाज के चुनाव में शैलेंद्र लोधी बने अध्यक्ष

# बलिदान दिवस पर वीरांगना अंवती बाई की शौर्य-वीरता को लोधी समाज ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग के वीरांगना अवंती बाई लोधी चौक स्थित लोधी समाज भवन में श्री हरदेव लोधी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। 20 मार्च को अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शहादत दिवस पर उन्हें नमन करते हुए श्री हरदेव लोधी समाज का वार्षिक अधिवेशन शुरू हुआ। अधिवेशन से पहले लोधी समाज द्वारा वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अधिवेशन स्थल में देश के लिए दिए उनके योगदान को याद किया गया। इसके बाद समाज के दिवंगत आत्माओं को याद कर अधिवेशन में वर्ष 2024 -25 के आय-व्यय का ब्यौरा तत्कालीन अध्यक्ष गणपत राम लोधी द्वारा दिया गया। इस दौरान नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में समाज से निर्वाचित पार्षद, सरपंच और पंचों का सम्मान किया गया।सभापति कैलाश लोधी और सहयोगी सूरज लोधी के सहमति के बाद नियमानुसार नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमे संरक्षक लक्ष्मीनारायण लोधी, अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी, उपाध्यक्ष टुकेश्वर लोधी, सचिव संजय लोधी, कोषाध्यक्ष शांतिलाल लोधी निर्वाचित हुए। अधिवेशन में सामाजिक उत्थान और विकास को लेकर समाज के वरिष्ठ जनों ने अपनी बात रखी। इसके अलावा सामाजिक जनों के विभिन्न समस्याओं को निराकरण किया गया। अधिवेशन के अंतिम दिन आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की अनुपस्थिति में भाजपा जिला ग्रामीण के अध्यक्ष श्याम नारंग, नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षद नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, पुष्कर साहू सहित नगर पालिका के पार्षद प्रतिनिधि और लोधी समाज से ग्राम पाली के सरपंच भुनेश्वर लोधी, गुलाल लोधी सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन ने समाज की मांग पर लोधी समाज भवन के मुख्य मंच पर शेड निर्माण की घोषणा की। लोधी समाज की तरफ से अधिवेशन व्यवस्थापक इकाई क्र 02 के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के इकाई प्रमुख, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ और सम्मानित सामाजिक जन उपस्थित रहे।

- आरंग में दो दिवसीय सम्मेलन का हुआ आयोजन



# ब्राह्मण फेडरेशन के किया होली मिलन 12 महिलाओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्राह्मण महिला ईकाई संगठन ने होली मिलन उत्सव धूमधाम मनाया गया।इस मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम को एक निजी भवन में होली मिलन आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भगवान परशुराम की पूजन अर्चना की गई, तत्पश्चात होली एवं फाग गीत गाए गए। ब्रज की होली के गीतों पर नृत्य कर वहां उपस्थित मातृशक्ति ने श्रृद्धा एवं भाव से नृत्य कर खूब आनंद लिया। समस्त मातृशक्ति ने एक दूसरे को रंग - गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया।

### महिलाएं हुईं समान्नित

इस कार्यक्रम में 12 महिलाओं को सम्मानित किया गया। बतादे कि यह वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा सम्मानित किया गया जिसमे प्रमुख रूप से शोभा त्रिपाठी, रशमी दुबे, आरती तिवारी, दिव्या चतुर्वेदी, मीना दुबे, रशमी लता मिश्रा, स्मिता मिश्रा, डाक्टर सुषमा पांडेय, प्रतिभा पाण्डेय, सीमा सिंह अरूना दीक्षित, नीता श्रीवास्तव, दीप्ति बाजपेई, विमलेश तिवारी, किरण उपाध्याय ,बिना तिवारी वा समस्त महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इस कार्यक्रम में इकाई संगठन बिलासपुर जिला अध्यक्ष प्रभा तिवारी व छाया पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कर्मा माता जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू ने कर्मा माता की जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग की। साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार से एक दिवसीय शुष्क दिवस घोषित कर सभी शराब की दुकानो और होटलों में बार को बंद करने की मांग रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू ने की है।जैसे कि गुरुघासी दास जयंती, गांधी जयंती, महावीर जयंती आदि पर शराब की दुकाने और होटलें से जुड़े बार बंद रहते है इसी तरह आगामी 25 मार्च को साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर प्रदेश भर के सभी शराब दुकानो को बंद रखे। रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू ने बताया कि माता कर्मा भक्त शिरोमणि सेवा त्याग भक्ति समपर्ण की देवी है। परम् आराध्य देवी भक्तिन शिरोमणि मॉ कर्मादेवी देश विदेश में सर्व साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की गौरव गाथा जन जन मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। भक्त मॉ कर्मा देवी का जन्म पापमोचनी एकादशी के चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी को हुआ था उन्होंने अपने अपनी भक्ति से साक्षात श्रीकृष्ण के दर्शन किये और जगन्नाथपुरी में बहुत समय तक समुद्र के किनारे रहकर अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई थी। भक्त माता कर्मा ने अपने तन मनऔर धन से समाजिक और धार्मिक कार्यो में लगी रहने वाली कर्मादेवी दीन दुःखियो के प्रति दया भावना रखती थी। इस वर्ष 25 मार्च को साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी भक्त कर्मा माता जन्मजयंती उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा।

# पीपला फाउंडेशन का जलदान महाअभियान का शुभारंभ



आरंग। पीपला वेलफेयर फाउंडेशन विगत तीन वर्षो से गर्मी में मूक पशुओं के लिए जगह जगह जलपात्र रखकर /"जलदान महाअभियान/" मुहिम चलाते है। जिससे की भीषण गर्मी में मूक पशु अपनी प्यास बुझा सके।

इसी कड़ी में सोमवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने नगर के प्रथम नागरिक नपाध्यक्ष डाक्टर संदीप जैन को आमंत्रित कर /"जलदान महाअभियान/" मुहिम का शुभारंभ किया। मुहिम की शुरुआत विधायक कार्यालय नेताजी चौंक व बस स्टैंड में नपाध्यक्ष डॉ संदीप जैन द्वारा जलपात्र में जल डालकर किया गया। फाऊंडेशन के सदस्यों ने इस अभियान को काफी सराहा जा रहा है।गत वर्ष करीब 500 जलपात्र आरंग सहित नया रायपुर, महासमुंद, धरसीवां, अभनपुर, दुर्ग आदि स्थानों में रखा गया था। इस वर्ष करीब एक हजार जलपात्र रखने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए लोग स्वप्रेरित होकर बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। नगर के विभिन्न चौंक चौराहों पर गौ माता के लिए जलपात्र रखा जा रहा है। वहीं नपाध्यक्ष डा जैन ने पीपला फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जलदान महाअभियान मुहिम की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते कहा प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही नेक और पुण्य का कार्य है। हम सभी को इस मुहीम को सफल बनाने यथेष्ट सहयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने लोगों से इस मुहिम में सहयोग करने अपील भी किए।

# हड़ताली सचिवों ने शासकीयकरण की मांग की और आदेश की प्रतियां जलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल और तेज होती जा रही है, विगत 17 मार्च से जारी इस आंदोलन के बीच पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ ने 21 मार्च को एक आदेश जारी कर सचिवों को 24 घंटे के भीतर कार्य पर लौटने के आदेश दिए हैं । आदेश में हड़ताल समाप्त न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है , तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत परिसर में धरना स्थल पर बैठे पंचायत सचिवों ने इस आदेश का कड़ा विरोध जताया । सचिवों ने आदेश की प्रति जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की । सचिवों का कहना है कि अपने मांग को लेकर आंदोलनरत हैं और जब तक उनकी मांग शासकीयकरण पूरी नहीं होती तब तक वह पीछे हटने वाले नहीं है।

- पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

### पंचायत सचिव संघ की मांग

हड़ताली पंचायत सचिव अपनी सिर्फ एक ही मांग शासकीयकरण को लेकर आंदोलन कर रहे हैं उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के पूर्व मोदी की गारंटी के रूप में हमारी मांग को शामिल किया गया, घोषणा पत्र के 7 वे नंबर पर रखा गया था। और अब सरकार बने 400 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक सरकार ने कुछ नहीं किया, सरकार लगातार आश्वासन देती रही है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इस हड़ताल से प्रदेश के ग्राम पंचायतो का कामकाज भी ठप हो गया है । ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कते आ रही है । पंचायतों से जुड़ी अनिवार्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही है।

### सरकार ने दी चेतावनी

शासन ने पंचायत सचिवों से हड़ताल समाप्ति करने की अपील करते हुए कहा है कि यदि वह जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत को भी निर्देश दिया गया है कि वह सचिवों को समझाकर वापस बुलाने का प्रयास करें इधर अब देखना यह है कि क्या पंचायत सचिव सरकार के निर्देशों के बाद अपनी हड़ताल खत्म करते हैं या आंदोलन और तेज होता है।

# भाजपा ने बिहार स्थापना दिवस पर मनाया स्नेह मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शनिवार को बिहार स्थापना दिवस पर रायपुर और भिलाई में बिहार स्थापना दिवस पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और अन्य भाजपा नेता और मंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं, त्योहार और पारिवारिक मूल्य सबकुछ एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। ये रिश्ता केवल भूगोल का नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कारों का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता केवल कहावत नहीं, अब सामाजिक हकीकत बन चुकी है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया, उनकी माता जी भी अविभाजित बिहार से थीं और उनका झारखंड से पुराना संबंध रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, अब छठ पर्व छत्तीसगढ़ में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। राज्य भर के तालाबों और नदियों पर सुंदर छठ घाटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया, उन्होंने स्वयं भी जशपुर जिले के कुनकुरी में एक करोड़ की लागत से छठ घाट बनवाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से भाषायी, सामाजिक और सांस्कृतिक दूरियाँ कम होती हैं। आज का यह समारोह दो राज्यों के बीच भाईचारे और सांस्कृतिक समझ का सेतु बना है।

### मोदी की गारंटीः वादा नहीं, संकल्प है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और हमें सेवा का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ने बीते सवा साल में जनहित की कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 70 लाख से अधिक विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

# पीपला फाउंडेशन ने जिला सहकारी बैंक में लगाया वाटर कूलर

आरंग। शुक्रवार को नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने खरोरा रोड स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित आरंग के परिसर में वाटर कूलर लगाया। जिससे कि गर्मी में लोगो को शीतल जल उपलब्ध हो सके। ज्ञात हो कि अब तक पीपला फाउंडेशन के संयोजन में नगर के मुक्तिधाम, नेताजी चौंक, सब्जी मार्केट तथा महासमुंद के बस स्टैंड में वाटर कूलर लगा चुका हैं। जहां वर्ष भर लोगों को शीतल जल मिल रहा। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रबंधक नरेन्द्र चंद्राकर ने पीपला फाउंडेशन की जलदान मिशन की सराहना करते हुए कहा बैंक परिसर में वाटर कूलर लगने से किसानों को हमेशा शीतल जल मिलेगा। यहां हमेशा ग्रामीण अंचलों के किसान बड़ी संख्या में आते हैं



धरसींवा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिले विजय जांगिड़

# कांग्रेस जनता के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

शनिवार को धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक का आयोजन खपरी बंजारी मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उद्योराम वर्मा और अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। इस बैठक में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस पदाधिकारी, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस, श्रमिक मजदूर कांग्रेस, NSUI सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश, जिला, ब्लॉक, जोन, सेक्टर और बूथ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

श्री जांगिड़ ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारी पार्टी को एकजुटता और समर्पण की आवश्यकता है। हमें अपने संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। आने वाले चुनावों में हमें जनता के बीच अपनी उपलब्धियों को सही तरीके से प्रस्तुत करना होगा और उनके मुद्दों को प्राथमिकता देनी होगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध रही है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए।

- संगठन को और मजबूत बनाने पर चर्चा

### समस्याओं को पार्टी स्तर पर उठाया जाएगा

बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं और सुझावों को भी साझा किया। कई कार्यकर्ताओं ने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और श्री जांगिड़ से समाधान की अपेक्षा की। इस पर श्री जांगिड़ ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को पार्टी स्तर पर उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक का समापन करते हुए श्री जांगिड़ ने कहा की हम सभी को मिलकर काम करना होगा। हमारे पास एक सुनहरा अवसर है कि हम छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को पुनः सत्ता में लाने का प्रयास करें। इसके लिए हमें जनसंपर्क बढ़ाना होगा और लोगों के बीच जाकर उनकी आवाज बनना होगा। इस बैठक ने धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी और सभी ने मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने आश्वासन दिया कि वे आगामी चुनावों में पूरी मेहनत और लगन से जुटेंगे और पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे।



# बीईओ व बीआरसीसी ने किया परीक्षा केंद्रों को निरीक्षण



तिल्दा नेवरा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित हाई/ हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 एवं केंद्रीकृत परीक्षा 5वीं/ 8वीं परीक्षा के दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा राजेंद्र प्रसाद दास एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक संतोष कुमार शर्मा संकुल केंद्राध्यक्ष दिनेश कुमार आडिल संकुल समन्वयक चित्रसेन वर्मा के द्वारा परीक्षा केंद्र शा उ मा शाला देवरी, तथा शा. उ. मा. शाला टोहड़ा, शा प्राथमिक शाला टोहड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो रही है। केंद्रों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं पाई गई। केंद्र में कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया। बीईओ सर द्वारा उक्त केंद्रों के केंद्राध्यक्ष डोमार सिंह वर्मा संतराम वर्मा प्रधानपाठक मनहरण वर्मा परिवेक्षक श्रीमती कमला वर्मा अजीत वर्मा की तारीफ करते हुए परीक्षा को सुचारू और नियंत्रित रूप से संपादित करने के लिए तारीफ किया।

# एमपीलैड्स की तर्ज पर राज्य के विधायकों के लिए भी तैयार हो रहा ऑनलाइन पोर्टल

## पोर्टल में विधायक निधि की गाइड लाइन, फंड रिलीज सहित अन्य कई तरह की जानकारियां रहेगी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार ने लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों के लिए एमपीलैड्स ऑनलाइन पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल में सांसदों के लिए जारी गाइड लाइन, सांसद को जारी होने वाली निधी-व्यय का ब्योरा, अनुशंसित, स्वीकृत एवं संपन्न हुए कार्यों का संक्षिप्त ब्योरा सहित अन्य कई तरह की जानकारियां उपलब्ध हैं। सूत्रों के अनुसार एमपीलैड्स की तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ में भी विधायकों के लिए ऑनलाईन पोर्टल बनाया जा रहा है। इस पोर्टल में भी विधायक निधी की गाइड लाइन, विधायकों को जारी होने वाली निधी-व्यय का ब्योरा, स्वीकृत व संपन्न हुए कार्यों का ब्योरा सहित अन्य तमाम जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह पोर्टल पब्लिक डोमेने रहेगा, जिससे प्रदेश के आम लोग भी पोर्टल के माध्यम से जानकारी ले सकेंगे कि उनके राज्य एवं विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधी से कौन-कौन से कार्यों को स्वीकृति दिए जाने का प्रावधान है। विधायक को शासन द्वारा कितना फंड और कब जारी हुआ तथा उस फंड से कौन-कौन से विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई, जिसमें कितने पूर्ण हैं।

### पोर्टल को लांच करने से पहले विधायकों से की जाएगी रायशुमारी

सूत्रों की मानें तो एमपीलैड्स पोर्टल को राज्य में लांच करने से पहले इसे लेकर प्रदेश के सभी विधायकों से रायशुमारी भी ली जा सकती है। सभी विधायकों को पोर्टल में उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारियों के बारे में अवगत कराया जाएगा तथा पोर्टल या एवं उसमें उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी को लेकर कोई विधायक द्वारा किसी तरह की आपत्ति की जाती है, तो उसका निराकरण भी किया जाएगा। इस तरह विधायकों की रायशुमारी व दावा-आपत्ति का निराकरण के बाद ही पोर्टल को लांच किए जाने की संभावना है।




**नए वित्तीय वर्ष में पोर्टल के लांच होने की संभावना**

सूत्रों की मानें तो एमएलएलैड्स पोर्टल के नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में लांच होने की संभावना है। पोर्टल को बनाने का काम अभी चल रहा है। इसमें अभी और काफी समय लग सकता है।

### एमएलएलैड्ससीजी के नाम पर बन रहा पोर्टल

सूत्रों के अनुसार एमपीलैड्स की तर्ज पर राज्य में एमएलएलैड्ससीजी के नाम पर पोर्टल बनाया जा रहा है। हालांकि इसकी अभी तक कोई अधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों की मानें तो देश के कुछ राज्य में एमएलएलैड्स नाम पर पोर्टल तैयार किया गया है, वहीं कई राज्यों में तैयार किए जा रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है।

### तैयार हो रहा ऑनलाइन पोर्टल इससे पारदर्शिता आएगी

*एमपीलैड्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी एमएलएलैड्स ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी का जमाना है। पोर्टल के बनने से विधायक निधी के काम में पारदर्शिता आएगी। विधायक निधी से कौन-कौन से कार्य कब हुए हैं। इससे फंड लैब्स भी नहीं होगा। विधायकों को पोर्टल से जानकारी मिल जाएगी उन्हें कब तक फंड खर्च करना है।*

– **सुनील सोनी,** विधायक रायपुर दक्षिण विधानसभा

---

## खबर संक्षेप



### मोटवेशनल स्पीकर ने उपराष्ट्रपति से की भेंट

**रायपुर।** प्रसिद्ध लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्जवल पाटनी ने संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से परिवार के साथ विशेष भेंट की। इस अवसर पर डॉ. पाटनी ने अपनी बेस्टसेलर पुस्तकें 'सफल वक्ता, सफल व्यक्ति' एवं 'जीत या हार रहो तैयार' के नवीन संस्करण उपराष्ट्रपति को भेंट किए। इस खास मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने गहरी रुचि दिखाते हुए डॉ. पाटनी के परिवार के प्रत्येक सदस्य से उनके कॅरियर और उपलब्धियों पर चर्चा की। उनकी ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मीयता ने इस मुलाकात को अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. उज्जवल पाटनी ने देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ पूरे संसद भवन का भ्रमण किया और संसदीय प्रक्रियाओं को करीब से समझा।

### शनिदेव मंदिर में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन



**रायपुर।** श्री शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा के पुजारी विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी होगी। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भक्तों की मनोकामना पूर्ति हेतु नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की जा रही है। इस दौरान मंदिर में विशेष साज-सज्जा व जगमग रोशनी से सजावट की जाएगी। ज्योति पंजीयन भक्तजन मंदिर परिसर पर करा सकते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक मनाई जाएगी।

### शहीद भगत सिंह चौक पर आज श्रद्धांजलि सभा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहीद भगत सिंह चौक पर 23 मार्च को सुबह 11 बजे आयोजित है, जिसमें नागरिक एवं अतिथि शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि गत 30 वर्षों से समाज द्वारा गौरवपथ स्थित भगत सिंह चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन सुबह से देर शाम तक सिख समाज सहित अन्य सभी नागरिक शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हैं। शाम के समय मोमबत्ती जलाकर शहीदों के बलिदान को याद किया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में महापौर मीनल चौबे, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल काकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

---

## नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाने के लिए विधायकों का विशेष प्रशिक्षण

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- हम सबके बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में आज आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हम सभी के बीच मतभेद हो सकते है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों में यह बात हमेशा से कायम है। छत्तीसगढ़ का विकास हमारा मूल उद्देश्य है और जनप्रतिनिधि के रूप में हमें प्रदेशवासियों के हित में सदैव समर्पित होकर काम करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा सीखते रहने की बात करते है और निश्चित रूप से सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। यहां कई ऐसे विधायक मौजूद है, जिनका जनप्रतिनिधि के रूप में लंबा अनुभव है, लेकिन वे भी इस कार्यक्रम को लेकर बहुत अधिक उत्साहित है। उन्होंने कहा, आप सभी सदस्यों की मौजूदगी यह साबित करती है कि छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर आप कितने चिंतित भी है और उत्साहित भी है। जनप्रतिनिधि के रूप में आमजनों से आपका व्यवहार सबसे बड़ी पूंजी है और यह लोगों के मन में आपके और संसदीय व्यवस्था के प्रति विश्वास को अधिक



मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने भारतीय प्रबंध संस्थान में पिछले वर्ष आयोजित चिंतन शिविर को भी अत्यधिक उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में हमने जो कुछ सीखा था, छत्तीसगढ़ के नीति निर्माण में हमने इसका भरपूर उपयोग किया है। विजन डॉक्यूमेंट से लेकर बजट तैयार करने में भी हमें इससे बड़ी मदद मिली। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम, आईआईएम रायपुर के निदेशक राम कुमार, आईआईएम के प्रोफेसर सुमीत गुप्ता, प्रोफेसर संजीव पराशर, प्रोफेसर अर्चना पराशर उपस्थित थे।

### क्षेत्र के लिए नहीं छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए कार्य कारना है : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लीडरशिप प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में सभी सदस्य लगभग 1 महीने तक सक्रियता के साथ शामिल रहे और इसके तुरंत बाद इस दो दिवसीय आयोजन में आप सभी की उपस्थिति प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा, आप लोग सोच रहे होंगे कि जीतने के बाद हमारा प्रशिक्षण क्यों? जीतने के बाद हमारी जिम्मेदारी और भूमिका बढ़ जाती है, इसलिए हमें लगातार सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें केवल अपने क्षेत्र के लिए नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए कार्य करना है। हम अपने आसपास के परिवेश और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के प्रति कितने सजग है, जनप्रतिनिधि के रूप में आपको सफल बनाने में यह तथ्य महत्वपूर्ण होगा।

### लीडर बनना एक प्रक्रिया यह सीखना होगा : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास मंहत ने कहा, विधायक बनते ही हम लीडर बन गये, ऐसा सोचना गलत धारण होगी। लीडर बनना एक प्रक्रिया है और हमें यह सीखना होगा। उन्होंने कहा, विषम परिस्थितियों से निकलकर जशपुर का एक आदिवासी बेटा आज मुख्यमंत्री बना है, यह हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती और ताकत है। हम सभी का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उन्नति है और इसी को लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

---

## संचालनालय ने सीईओ को लिखा पत्र

# पंचायत सचिवों की हड़ताल खत्म करने 24 घंटे का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटना होगा। पंचायत संचालनालय के संचालक ने प्रदेश के सभी जिला पंचायत के सीईओ को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सभी हड़ताली ग्राम पंचायत सचिवों को हड़ताल खत्म करने का अल्टीमेटम दे दिया है।

■ 24 घंटे के भीतर हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने निर्देश

उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र में आदेश दिया है कि हड़ताली सचिवों को 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर कार्य पर काम पर लौटने के निर्देश जारी करें। वहीं निर्देशों का पालन न करने पर हड़ताली सचिवों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल, प्रदेश भर के 11 मोदी की गारंटी पूरा न होने के विरोध में 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के पहले दिन नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर एक सूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिवों ने धरना दिया। विधानसभा का घेराव करने धरना स्थल से निकले हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोक दिया।

जहां उन्होंने एसडीएम को अपने मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। 18 मार्च से पंचायत सचिव प्रदेश भर 146 विकासखंड मुख्यालयों में काम बंद कलमबंद हड़ताल पर हैं।

### आदेश की कापी जलाकर किया विरोध

पंचायत सचिवों को हड़ताल खत्म करने अल्टीमेटम दिया गया है। इस आदेश हड़ताली कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। रायपुर जिला के धरसींवा जनपद पंचायत के 78 ग्राम पंचायत सचिवों ने शनिवार को हड़ताल खत्म करने के आदेश की जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने नारेबाजी भी की। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के पंचायत सचिव विकासखंडों मुख्यालयों में आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के ब्लाक इकाई तिल्दा नेवरा अध्यक्ष भरत वर्मा, रायपुर जिला मीडिया प्रभारी कोमल प्रसाद साहू ने बातय कि शासन के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का सर्वे सचिवों के हड़ताल पर जाने से रुक गया है। साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, विवाह पंजीयन, मनरेगा के कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के कार्य ठप हैं।

---

# सीजीएमएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, लगातार मीडिया में खबरें बनने के बाद दबाव में राज्य की भाजपा सरकार ने रीएजेंट और दवा सप्लाई घोटाले की जांच की घोषणा की थी। मामले की लीपापोती करने ईओडब्ल्यू से जांच कराई जा रही, जबकि यह केंद्रीय पैसे में घोटाला है, अतः इसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि घोटाले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल हैं। उन्होंने चलती जांच के बीच सप्लाई करने वाली कंपनी को भुगतान करवा दिया। साफ है कि घोटाले में उनकी सहभागिता थी। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, रीएजेंट की कृत्रिम मांग में स्वास्थ्य विभाग के तीनों अंग आपस में जुड़े हुए हैं। अफ़सर तो दोषी थे ही, अब राज्य के मंत्री की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ऐसे में यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि राज्य की कोई एजेंसी अपने ही सरकार के किसी मंत्री की भूमिका की जांच करेगी? वैसे भी रीएजेंट के पैसे केंद्र सरकार से आए थे। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि राज्य सरकार, खासकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इस जांच में लीपापोती करने की कोशिश कर रही हैं। हमारी मांग है कि सैकड़ों करोड़ रुपए के इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

**स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग:** कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जब तक जांच पूरी नहीं होती, स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते है तो मुख्यमंत्री द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को पद से हटा देना चाहिए। पूरे घोटाले दौरान जो अधिकारी विभाग में पोस्टेड थे उन्हें निलंबित कर जांच होनी चाहिए, क्योंकि उनकी उपस्थिति में जांच प्रभावित हो सकती है।

---

# भाजपा ने बिहार स्थापना दिवस पर मनाया स्नेह मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शनिवार को बिहार स्थापना दिवस पर रायपुर और भिलाई में बिहार स्थापना दिवस पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और अन्य भाजपा नेता और मंत्री शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं, त्योहार और पारिवारिक मूल्य सबकुछ एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। ये रिश्ता केवल भूगोल का नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कारों का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता केवल कहावत नहीं, अब सामाजिक हकीकत बन चुकी है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया, उनकी माता जी भी अविभाजित बिहार से थीं और उनका झारखंड से पुराना संबंध रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, अब छठ पर्व छत्तीसगढ़ में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। राज्य भर के तालाबों और नदियों पर सुंदर छठ घाटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया, उन्होंने स्वयं भी जशपुर जिले के कुनकुरी में एक करोड़ की लागत से छठ घाट बनवाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से भाषायी, सामाजिक और सांस्कृतिक दूरियाँ कम होती हैं। आज का यह समारोह दो राज्यों के बीच भाईचारे और सांस्कृतिक समझ का सेतु बना है।

मुख्यमंत्री साय और भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिहार के मंत्री नितिन नवीन हुए शामिल



### मोदी की गारंटी: वादा नहीं, संकल्प है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और हमें सेवा का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ने बीते सवा साल में जनहित की कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 70 लाख से अधिक विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और सम्मान में वृद्धि हुई है।

### बिहार अब जात-पात के नाम पर नहीं बटेगा: नितिन नवीन

रायपुर के मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने की। कार्यक्रम में नितिन नवीन ने कहा, बिहार अब जात-पात के नाम पर नहीं बटेगा। बिहार अब बढ़ेगा विकास के नाम पर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करना है। आज देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के हर जिले में बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना को प्रथम स्थान देता है। श्री नवीन ने कहा, कुछ लोग एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा पर सवाल उठा रहे हैं। जो लोग भारत माता को नहीं, सिर्फ सोनिया जी को माता मानते हैं, वे लोग ऐसा प्रश्न खड़ा कर रहे हैं।

---

## कई सांसद, विधायक जहां अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बना दिए

# भाजपा के तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को 3 माह से सीएम के साथ भोजन और सम्मान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के तीन माह बाद भी कार्यकर्ताओं को सीएम के साथ भोजन करने और सम्मान का इंतजार है, अब तक इसके लिए कोई तिथि तय नहीं हो सकी है। संभावना है कि अगले माह कार्यकर्ताओं का इंतजार पूरा हो जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक



सदस्य बनाने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देश भर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ तो सब इसमें लग गए। अब सारे काम हो गए है तो कहा जा रहा है कि जल्द ही कोई तिथि तय करते कार्यक्रम किया जाएगा और वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन का भी मौका दिया जाएगा।

---

# दक्ष योजना का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लैब सिस्टम्स स्ट्रेथनिंग प्रोजेक्ट (दक्ष) के तहत आयोजित ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशालाओं की श्रृंखला का समापन हो गया। कार्यशाला अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर में आयोजित की गई थी।

कुल 33 जिलों से 118 चयनित प्रशिक्षकों ने इन कार्यशाला में भाग लिया। इन प्रशिक्षकों को संबंधित क्षेत्रों में सहयोगी टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस किया गया है। कार्यशालाओं में लैब संचालन, डायग्नोस्टिक उपकरणों का उपयोग, लैब प्रबंधन, गुणवत्ता आश्वासन, और मेडिकल टेस्टिंग में सर्वोत्तम प्रथाओं सहित विभिन्न पहलुओं को कवर किया गया। इन



कार्यशालाओं में बंगलौर से एक्सपर्ट बुलाये गए थे। रायपुर में आयोजित कार्यशाला में डॉ. नवनीत रंजन, अंजय कुमार गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. संतोष भंडारी, हॉस्पिटल कंसलटेंट डॉ. मिथिलेश सोनबेर उपस्थित रहें। डॉ. भंडारी ने कार्यशाला के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक मजबूत प्रयोगशाला तंत्र स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी और जिम्मेदार बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कलेक्टोरेट में प्रवेश करने अब वाहन में एचएसआरपी नंबर लिखा होना जरूरी

**हेलमेट-सीट बेल्ट के बाद वाहन में हाई सिक्यूरिटी रेसोलेशन नंबर प्लेट लगाने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने के लिए अब तक हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन आगामी कुछ दिनों में वाहन में हाई सिक्यूरिटी रेसोलेशन नंबर प्लेट लगाना भी अनिवार्य हो जाएगा। इस संबंध में कलेक्टोरेट के सभी विभागों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाट्सप ग्रुप में प्रशासन की ओर से मैसेज किया गया है। इस मैसेज में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी जल्द ही अपने-अपने वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवा लें नहीं तो कलेक्टोरेट परिसर में वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### अधिकारी-कर्मचारियों में मचा हड़कंप

इस मैसेज के बाद अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी-कर्मचारियों को चिंता सताने लगी है कि अगर जल्द ही वे वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगा पाएंगे तो उन्हें अपनी वाहन को मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ा करना होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना शुरू किया है, क्योंकि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए वाहन को पुलिस कर्मी कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास ही रोक रहे हैं। ऐसे में अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टोरेट परिसर में वाहन ले जाने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना पड़ रहा है।



### आम लोगों को भी नहीं दिया जा रहा प्रवेश

कलेक्टर ने यह निर्देश शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जारी किया है, लेकिन पुलिस कर्मी आम लोगों को भी बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने से रोक जा रहा है। इधर ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर का कहना है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना नियम में है। इसमें छूट का कोई प्रावधान नहीं है। शहर के अंदर एक्सीडेंट कम होते हैं, पर होते हैं, इसलिए शहर में हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर वाहन चालकों को थोड़ी रियायत दी जा रही है, लेकिन जहां जरूरी है, वहां कड़ाई से पालन भी कराया जा रहा है।

### कलेक्टर स्टेनो की ओर से वाट्स एप ग्रुप में भेजा मैसेज

कलेक्टोरेट में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का वाट्स एप ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप में कलेक्टर गौरव सिंह के स्टेनो मुक्तेश्वर पटेल द्वारा मैसेज भेजा गया है। इस मैसेज में लिखा है कि समय सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी जिनके पास शासकीय या निजी दोपहिया एवं चारपहिया वाहन है, उनमें एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगे हैं तो तत्काल लगवा लें। कुछ दिन के बाद कलेक्टोरेट में बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट लगी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डगनिया शिशु मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** माता अमृतानंदमयी (अम्मा) मठ द्वारा डीडीनगर डगनिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 23 मार्च को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दोपहर 1 से 2 बजे तक जारी रहेगा। शिविर में अंचल के प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा चेकअप, रोकथाम के उपाय, उपचार और स्वास्थ्य लाभ के लिए सुझाव दिए जाएंगे। माता अमृतानंदमयी मठ रायपुर इकाई की प्रतिनिधि रेशमा श्रीवास्तव ने बताया कि निस्वार्थ सेवाभावना को प्रोत्साहित करने और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है।

### संजीवनी नर्सिंग कॉलेज की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर।** श्री सत्य संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड एलाइड हेल्थकेयर साइंसेज को एक और सफलता मिली है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट नर्सिंग का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। कॉलेज के सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। छात्राएं गरियाबंद, कोरिया, महासमुंद, बालोद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग और जांजगीर-चांपा जिले से हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम, सौभाग्यम में आयोजित समारोह में 7 छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस दौरान श्री जायसवाल ने छात्रों को बधाई दी और इस उपलब्धि के लिए संस्थान के संकाय की प्रशंसा की। अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने कहा कि छात्रों को साल दर साल अच्छा प्रदर्शन करते हुए और खुद को राज्य और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित करते हुए देखना बहुत संतुष्टि देता है।

**आधार, राशन तथा वोटर आईडी रद्द कराने एटीएस ने जिला प्रशासन, नगर निगम को लिखा पत्र**

# इराक भागने की फिराक में पकड़े गए बांग्लादेशी भाइयों का पासपोर्ट रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बांग्लादेश से घुसपैठ कर राजधानी में वर्षों से रह रहे जिन तीन बांग्लादेशी भाई मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर, शेख साजन को एटीएस ने मुंबई के रास्ते इराक, बगदाद भागने की फिराक में पकड़ा था, उनकी पासपोर्ट एटीएस ने रद्द करवा दिया है। इसके साथ ही तीनों के फर्जी अंक सूची के माध्यम से बनवाए गए आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा राशन कार्ड को रद्द कराने एटीएस ने जिला तथा नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखा है।

- राजधानी सहित प्रदेश में बांग्लादेशी नेटवर्क सक्रिय

हरिभूमि फॉलोअप

महासमुंद पुलिस ने सांकरा में जिन चार बांग्लादेशी नागरिकों को चोरी तथा मानव तस्करी के आरोप में पकड़ा है, इसके बाद रायपुर पुलिस भी अलर्ट हो गई है।

एटीएस ने पकड़े गए बांग्लादेशी भाइयों से पूछताछ के आधार पर च्वाइस सेंटर संचालक मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बांग्लादेशी भाइयों के एक और मददगार शेख अली अब तक पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस को शेख अली के बांग्लादेश भाग जाने की शेख अली की तलाश में रायपुर पुलिस बांग्लादेश बार्डर तक पहुंच चुकी है, लेकिन पुलिस को शेख अली के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिला है।

एटीएस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा

## रायपुर के बांग्लादेशी शातिरों का पाक, इराक कनेक्शन, आधा दर्जन देशों में हो रही थी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले महीने मुंबई एयरपोर्ट से इराक भागने की फिराक में पकड़े गए तीन बांग्लादेशी [illegible] जो आपस में सगे भाई हैं। उनके [illegible] देश में एटीएस को बातचीत करने का ब्योरा मिला है। अलग-अलग [illegible] का ब्योरा मिलने के बाद एटीएस की टीम अलर्ट हो गई है। एटीएस ने मोहम्मद [illegible], शेख अकबर और शेख साजन [illegible] पूछताछ करने दो दिनों की कोर्ट [illegible] हासिल की है।



रायपुर में रह रहे थे तीन बांग्लादेशी, फर्जी पहचान पत्र से इराक भागने की कोशिश, मुंबई में धरे गए

बांग्लादेशी नागरिकों के सीरिया, इराक, वियतनाम, इजराइल सउदी अरब तथा पाकिस्तानी नंबरों से बातचीत करने की जानकारी मिली है। इन देशों में बांग्लादेशी नागरिकों ने आईएमओ ⏭ शेष पेज 5 पर

### अरब को छोड़ शेष अन्य देश हिंसा प्रभावित

साउदी अरब को छोड़ सिरिया, वियतनाम, इराक, इजराइल हिंसा प्रभावित देश हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में आतंकवाद चरम पर है। ऐसे में बांग्लादेशी नागरिकों के इन देशों में संपर्क करने को लेकर कई तरह के संदेह हो रहा है। एटीएस को आशंका है कि गिरफ्तार बांग्लादेश नागरिकों के कहीं आतंकी कनेक्शन तो नहीं है। बातचीत की ⏭ शेष पेज 5 पर

### दस्तावेज रद्द कराने की तैयारी

बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से वोटर आईडी से लेकर आधार, पेन कार्ड तथा पासपोर्ट बनवाए थे। इन सभी दस्तावेजों को रद्द कराने एटीएस ने चुनाव आयोग के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम तथा ⏭ शेष पेज 5 पर

### बड़ा नेटवर्क संचालित होने की आशंका

महासमुंद पुलिस ने बांग्लादेश तथा भारत के बार्डर में रहने वाले जिस अफसर तथा मिलन मंडल को गिरफ्तार किया है, इनके द्वारा बांग्लादेश से आए चोर गिरोह को पनाह देने के साथ ही उनको चोरी छिपे बार्डर पार कराने का आरोप है। राज्य के इतिहास में पहली बार पुलिस ने दोनों के खिलाफ फॉरेनर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इन दोनों पर मानव तस्करी कराने का आरोप है।

### बांग्लादेशी ज्वेलरी बिकवाने का काम करते थे

पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अफसर तथा मिलन मंडल चोरी छिपे बांग्लादेश से आए लोगों की सोने की ज्वेलरी पश्चिम बंगाल में बिकवाने का काम करते थे। इसके एवज में उन्हें मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। बांग्लादेश में सोने की कीमत कम है। इस वजह से वहां से आए लोगों की सोने की ज्वेलरी भारत में बिकवाने का काम करते थे।

### पांच से सात हजार रुपए में बार्डर पार

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बांग्लादेश से आने तथा यहां से चोरी छिपे बांग्लादेश जाने वालों से अफसर पांच से सात हजार कमीशन लेता था। इसके बाद वह अपने एजेंट के माध्यम से बार्डर पार करवाता था। बांग्लादेश बार्डर पर तनाव बढ़ने के बाद सीमा को कंटीले तारों से सील कर दिया गया है। इसे देखते हुए बार्डर पार कराने कमीशन की राशि दस से 15 हजार रुपए वसूल रहे।

### बार्डर पार करने वालों को अफसर भी नहीं जानता

दशकों से भारत में फर्जी तरीके से रह रहे 70 वर्षीय अफसर को नहीं मालूम कि उसने कितने लोगों का बांग्लादेश से भारत आने में मदद की है। अफसर ने पुलिस को बताया है कि भारत आने के इच्छुक लोग उसे कॉल कर संपर्क करते थे। इसके बाद वह अपने एजेंटे के माध्यम से उनकी भारत आने मदद करता था। एजेंट संबंधित से पैसा लेकर अपने कमीशन की राशि रख शेष रकम अफसर को दे देते थे।

# चैंबर चुनाव स्क्रूटनी के बाद पात्र प्रत्याशियों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रिवर्षीय प्रांतीय चुनाव के लिए निर्वाचन समिति ने स्क्रूटनी के बाद शनिवार को पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस बार चैंबर चुनाव के लिए प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2 नामांकन और महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 1-1 नामांकन भरा गया। जिलों में उपाध्यक्ष पद के लिए 36 नामांकन और मंत्री पद के लिए 35 नामांकन भरे गये थे।

- प्रदेश अध्यक्ष के 2, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के 1-1 उम्मीदवार के नामांकन वैध
- 2 नामांकन हुये निरस्त

चैंबर चुनाव समिति ने नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि के बाद सभी नामांकन पत्रों की जांच की। स्क्रूटनी के बाद निर्वाचन समिति ने निर्वाचन के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नामांकन के बाद अंतिम सूची में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष के लिए 1-1 उम्मीदवारों के नाम सही पाये गये।

**नामांकन की स्थिति इस प्रकार है:** रायपुर जिला- 8 उपाध्यक्ष,8 मंत्री, बालोद जिला-2 उपाध्यक्ष, 2 मंत्री, सरगुजा जिला 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, कोरबा जिला 1 उपाध्यक्ष, जांजगीर जिले में 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, महासमुंद जिले में 2 उपाध्यक्ष, 1 मंत्री, मुंगेली जिले में 2 उपाध्यक्ष, 2 मंत्री, राजनांदगांव जिले में 1 उपाध्यक्ष, 3 मंत्री। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में 1 उपाध्यक्ष और 1 मंत्री के नामांकन सही पाये गये।

### 3 जिलों से एक भी नामांकन नहीं

गौरेला-पेंड्रा-मारवाही,जशपुर और कबीरधाम इन जिलों से उपाध्यक्ष व मंत्री पद के लिए एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले से मंत्री पद के नामांकन त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त हुये। पात्र उम्मीदवारों की घोषणा में चुनाव समिति के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य चुनाव नियंत्रक एच.एस कर और चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### यशोदा हॉस्पिटल में दो जटिल सर्जरी सफल, मरीजों को नई जिंदगी मिली



**रायपुर।** यशोदा हॉस्पिटल्स हैदराबाद ने अपनी उन्नत चिकित्सा सेवाओं और अत्याधुनिक तकनीक के जरिए दो जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। शनिवार को होटल बेबीलॉन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में वरिष्ठ डॉक्टरों ने इन सफल सर्जरी के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ कंसल्टेंट यूरोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. मल्लिकार्जुन रेड्डी ने बताया कि पहली सर्जरी में 18 वर्षीय किडनी ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता मयंक पटेल पर डीजे स्टेंट हटाने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। वहीं दूसरी जटिल सर्जरी 76 वर्षीय प्रेमचंद गोलछा पर की गई, जिसमें ऑफ-पंप कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्रॉफ्टिंग और थुलियम लेजर प्रोस्टेट सर्जरी के माध्यम से उन्हें गंभीर हृदयरोग और मूत्र संबंधी समस्या से राहत दिलाई गई। यशोदा हॉस्पिटल्स के डॉक्टरों ने बताया कि ये दोनों सर्जरी एडवांस तकनीक और अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम की बदौलत सफल रहीं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी वे जटिल सर्जरी और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराते रहेंगे, जिससे मरीजों को बेहतरीन इलाज मिल सके।

### कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने 'गेट-2025' में किया शानदार



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईईटी) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के चार छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ गेट-2025 क्वालीफाई किया है। गेट क्वालिफाई करने वाले छात्रों में मिहिर मिश्रा ने 323, अनुराग पटेल ने 337, अमन कुमार शाह ने 339 और चैतन्य खंडेलवाल ने 612 गेट स्कोर हासिल किए हैं। यह परीक्षा आईआईटी रुड़की द्वारा आयोजित की गई थी और इसके परिणाम 19 मार्च को घोषित किए गए। संस्थान के चेयरमैन किशोर जादवानी ने छात्रों की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। वाइस चेयरमैन विजय जादवानी ने भी छात्रों की उपलब्धि की सराहना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। सचिव हरजीत हूरा और कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हूरा ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एक तरफ 24 घंटे पानी का सपना, दूसरी तरफ 10 में से 5 जोन में किराये के पानी टैंकर की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**सबसे ज्यादा दिक्कत आउटर के इलाकों में**



शहर के एक तरफ जहां 15 वार्डों में 24 घंटे भरपूर पीने का पानी पहुंचाने का सपना है, वहीं नगर निगम के 10 जोन में से 5 जोन ऐसे हैं जहां अभी से पानी की किल्लत शुरू हो गई है। नलों में पानी का प्रेशर कम होने और बोरवेल में जल स्तर घटने से प्रभावित इलाके के लिए किराये के पानी टैंकर भेजने की मांग आई है। नगर निगम का जल विभाग इस बार जल संकट प्रभावित इलाकों में 30 से 35 किराये के पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाएगा। दलदल सिवनी, लभांडी, कचना के बीएसयूपी आवासीय कालोनी में जल संकट दूर करने किराये के टैंकर भेजा जा रहा है। शहर के 21 जगहों से पानी टैंकर की मांग वहां के वार्ड पार्षदों ने जनता की परेशानी को देखते हुए की है। रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना को धरातल पर लाने में अभी समय लगेगा।

- 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना में अभी लगेगा समय

रायपुर नगर निगम के 5 जोन ऐसे हैं जहां मार्च माह में ही संबंधित वार्ड के रहवासियों ने नगरनिगम से पेयजल समस्या को देखते हुए किराये के पानी टैंकर की मांग की है। खमतराई स्थित नगर निगम जोन 1 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित यतियतनलाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा में पानी की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी उनके यहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नगर निगम के पानी टैंकर भरोसे हर बार की तरह इस बार भी उन्हें रहना पड़ रहा है। इसी तरह बंजारी माता वार्ड के कुछ रहवासी इलाकों में पानी की समस्या शुरू हो गई है। जोन 2 में रेल्वे की जमीन पर बसी बस्ती में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। वहां किराये के पानी टैंकर भेजने की व्यवस्था में निगम जुटा है।

नगर निगम जोन 6 के शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, जोन 9 के कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुये किराये के पानी टैंकर की मांग की गई है। शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर में पानी की समस्या से निपटने टैंकर की व्यवस्था करने जोन स्तर पर मांग की है।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में प्रथम एलुमनी मीट का भव्य आयोजन



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) में प्रथम एलुमनी मीट का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और आत्मीयता भरे माहौल में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन की अध्यक्षता श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जेके उपाध्याय ने की।

कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्वागत उद्बोधन में भूतपूर्व छात्रों के योगदान को सराहते हुए कहा कि आपकी सफलता हमारी पहचान है। आपके अनुभव और उपलब्धियां वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर कई पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें राजेश रहांगडाले, साक्षी मौर्य, शिक्षा सिंह, प्रसन्ना रॉय, सच्चिदानंद पांडा, शिशिर राजन गुरु, प्रीति शर्मा, हेमंत कुमार, सत्यनारायण दुर्गा, छाया जैन, नीलेश कुमार राजवाड़े और कृष्णा देवांगन शामिल रहे।

**टैक्सी चाहिए**
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु तूफान, बोलेरो, क्रुजर, टाटा एस की आवश्यकता है।
बलौदाबाजार से बिलाईगढ़-सरसीवां
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

**आवश्यकता है**
अखबार फोल्डिंग कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
9399161607, समय : रात 8.30 बजे
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है**
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport



मौसम विज्ञान केंद्र अब जीपीएस ...

लाइव इवेंट

## सही दिशा में की गई मेहनत का परिणाम हमेशा सफलता होता है



**रायपुर।** दिशा कॉलेज में एलुमनी सेल द्वारा 'सफलता की दिशा में आगे बढ़ने' विषय पर एलुमनी सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। इस दौरान एलुमनी पूर्णांक्षी साहू, प्रांजल वशिष्ठ, मानव चेतना विकास केंद्र इंदौर के सदस्य प्रो. प्रफुल्ल कटारे, (एग्रीकल्चर साइंटिस्ट इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय) और डॉ. एके तिवारी (प्राचार्य दिशा कॉलेज) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने कहा, सही दिशा में की गई मेहनत का परिणाम हमेशा सफलता होता है। इसलिए यदि रास्ता सही है तो हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। धैर्य और विश्वास के साथ हमें हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

### सकारात्मक सोच और धैर्य बनाए रखने की सलाह



एलुमनी पूर्णांक्षी साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सही दिशा में निरंतर मेहनत और प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और धैर्य बनाए रखने की भी सलाह दी। प्रो. प्रफुल्ल कटारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में किए गए कार्य से ही सफलता प्राप्त होती है, इसलिए कभी भी मेहनत से पीछे नहीं हटना चाहिए। कार्यक्रम में बीएससी, बीसीए और एमएससी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

सिटी इवेंट

## वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने आज 2121 बहराणा साहिब की पूजा

**रायपुर।** इंडोर स्टेडियम में 2121 बहराणा साहिब की पूजा का भव्य आयोजन 23 मार्च को साईं लालदास के सानिध्य में होगा। इसमें टीवी धारावाहिक फेम अनुपमा की एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आकर्षण का केंद्र होंगी। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा इसे खास बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि देश में अब तक इतने बहराणा साहिब की पूजा-अर्चना एकसाथ कभी नहीं की गई है। यह अपने तरीके का एक अलग ही आयोजन रायपुर में सिंधी पंचायत द्वारा किया जा रहा है। इसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल किया जाएगा। इसमें मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध धारावाहिक अनुपमा की मुख्य अदाकारा रूपाली गांगुली होंगी।



### अनुपमा फेम एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आएंगी

आयोजन को सफल बनाने के लिए पंचायत के पदाधिकारियों ने शनिवार की शाम तैयारी को अंतिम रूप दिया। समाज के बीच में आकर बहराणा साहिब के आयोजन और आगामी चेट्रीचंड्र महोत्सव के लिए एक्ट्रेस अग्रिम बधाई देंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए महेश रोहरा, कैलाश बालानी, बलराम आहूजा, तनेश आहूजा, अमर चंदनानी, अनिल लाहोरी को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही युवाओं की टीम भी इसमें सहयोग देगी। व्यवस्था बनाने के लिए अलग-अलग ग्रुप बनाकर काम की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है।

## पीपुल्स च्वॉइस अवॉर्ड आज पहली बार दर्शकों ने की वोटिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के इतिहास में पहली बार एक ऐसा अवॉर्ड शो होने जा रहा है, जिसमें दर्शकों की भागीदारी है। सिनेमा 36 पीपुल्स च्वॉइस अवॉर्ड वर्ष 2025 का आयोजन रविवार शाम 5 बजे शहर के महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज में होने जा रहा है। जहां कुल 16 केटेगरी में अवॉर्ड दिए जाएंगे, जिसमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस के अलावा दो स्मृति अवॉर्ड भी शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गुलाल वर्मा होंगे। अध्यक्षता महंत कॉलेज के प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी करेंगे। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी।

**16 केटेगरी और दो स्मृति पुरस्कार दिए जाएंगे**


### प्रोजेक्टर पर दिखेगा किसे कितने वोट मिले

कार्यक्रम की खासियत होगी, प्रोजेक्टर के जरिए दिखाया जाएगा कि किसे कितने वोट मिले हैं। साथ ही परसेंटेज भी दिखाया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। गूगल फॉर्म के जरिए नॉमिनेशन निकाले गए। इसमें कलाकारों की फोटो भी थी। 16 केटेगरी में फॉर्म भरना था। 28 फरवरी तक वोटिंग की गई।

● शिखर सम्मेलन में स्टूडेंट्स के नवीन विचारों को मिला मंच, पैन डिस्कशन में स्टार्टअप के सुझाव

# स्टार्टअप आईडिया ने खोला देश के बेहतर इकोनॉमी का रास्ता, एक्सपो में अंतरिक्ष समस्याओं का खोजा हल

निवेश रणनीति को समझने और छात्रों के विचारों को मंच देने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा 'शिखर सम्मेलन' का भव्य आगाज किया गया। पहले दिन उद्योग क्षेत्र में स्टार्टअप के विचारों को प्राथमिकता दी गई, जिसमें विद्यार्थियों ने नवाचार तकनीक के प्रयोग से भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार, यातायात व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए।



### यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए ई-व्हीकल को बढ़ावा

विद्यार्थी मिलेंद्र सेन और नियती पाटोलिया ने भारतीय यातायात व्यवस्था के सुधार पर चर्चा की। छात्रों ने बताया कि देश के प्रत्येक शहरों में यातायात व्यवस्था की अपनी अलग समस्या है। रायपुर में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए ई-व्हीकल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, लेकिन इन दिनों बैटरी चार्जिंग के लिए निश्चित स्थान तैयार नहीं है, जिससे कारण केवल 20-30 प्रतिशत लोग ई-व्हीकल की खरीदी कर रहे। शहर के भीड़भाड़ वाले स्थान जैसे पेट्रोल पंप, मॉल, गेमिंग सेंटर, कैफे या होटल के नजदीक चार्जिंग की व्यवस्था होने से लोगों को सहायता मिलेगी।

### आज के कार्यक्रम की रूपरेखा

ई-समिट के अंतिम दिन एनआईटी परिसर और पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। इसमें सुबह 9:30 से रात 8 बजे तक निरंतर कार्यक्रम संचालित किया जा रहा, जिसमें व्याख्यान, केस स्टडी, शार्कटेन पैनल डिस्कशन, क्विज राउंड, मॉडल स्पर्धा, अनुभव दुबे और देबोजीत सेन का लाइव शो आयोजित किया गया है।

**रायपुर।** एंटरप्रेन्योरशिप सेल कमिटी के 120 विद्यार्थियों द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके पहले दिन लोकप्रिय यूट्यूबर और मैथ्सकेयर के संस्थापक डॉ. गजेंद्र पुरोहित ने एनआईटी परिसर में शिरकत की और उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए। देर शाम डॉ. गजेंद्र का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें दो सौ से अधिक विद्यार्थियों ने शिरकत की।



### स्टार्टअप आइडिया में नवीन विचारों का सम्मान

निदेशक ऐश्वर्य सिंग ने बताया कि पैनल डिस्कशन शुरू करने से पहले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें स्टार्टअप के दौरान बजट, स्किल, संचार के लिए समय और प्रतिभागियों के प्रेजेंटेशन पर जोर दिया गया। स्टार्टअप आइडिया के लिए लगभग 103 अभ्यर्थी समूह ने हिस्सा लिया। शनिवार को टॉप 30 ने नए विचार निर्देशकों को साझा की। रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में टॉप 10 अभ्यर्थियों की प्रस्तुति होगी, जिसमें से प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता का चयन आईआईएम के अनुभवी प्रोफेसर करेंगे।



### एक्सपो में अंतरिक्ष की जानकारी

इसरो और स्पेस एजेंसी में कॅरियर बनाने के लिए विद्यार्थियों को अंतरिक्ष से संबंधित जानकारी दी गई। दो दिवसीय सम्मेलन में एक्सपो का आयोजन किया गया, जिसमें आईडीवायएम फाउंडेशन द्वारा अंतरिक्ष मॉडल के साथ स्टॉल सजाया गया। जहां अभ्यर्थियों को अंतरिक्ष के वातावरण, प्लेनेट, खोज, शिक्षा संबंधित जानकारी दी गई। मुख्य रूप से इसरो और स्पेस एजेंसी में काम करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के टेक्निक्स भी बताए गए, जिससे एक नए क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। इसके लिए टेलिस्कोप, बिनोक्युलर, वॉकी-टॉकी, स्पेस शटल, स्पेस शिपटू, पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल, पुष्पक विमान जैसे अनके विमानों के मॉडल उपलब्ध रहे।



### कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी


डॉ. गजेंद्र पुरोहित संबोधन में कहा कि सफल उद्यम तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत, लचीलापन और दीर्घकालिक दृष्टिकोण होना जरूरी है। जियो, टाटा, रिलायंस, इंफोसिस जैसी कंपनियों के बिजनेस स्टेटस पर जोर दिया, जिसमें समय प्रबंधन की बात कही। विद्यार्थी जीवन का प्रत्येक समय उपयोगी होता है, आधुनिकता के दौर में लोगों से आगे बढ़ने के लिए हमेशा नवाचार का चयन करें। सफलता की कुंजी समय है, अपने समय का हमेशा सदुपयोग करने का सोचे। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में डॉ. समीर बाजपेयी और डॉ. चंद्रकांत ठाकुर उपस्थित रहे।



## सूत्रा में लुभा रहे डिजाइनर वेडिंग ड्रेस

**रायपुर।** शहर स्थित बेबीलॉन इंटरनेशनल में सूत्रा एग्जीबिशन लगाया गया है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में देश के मशहूर डिजाइनर अपने न्यू वेडिंग और समर कलेक्शन के साथ स्टॉल सजाए हैं। इन दो दिनों में देर रात तक खरीदारों की भीड़ देखने को मिली, जहां कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, राजस्थानी डिजाइनर्स ने स्टॉल सजाए हैं। मुख्य आयोजन में राजस्थानी ज्वेलरी और लोकप्रिय डिजाइनर के वेडिंग कलेक्शन ने खरीदारों का ध्यान केंद्रित किया। इसमें साड़ी, सरारा, अनारकली, लहंगा और वेस्टर्न ड्रेस में दो सौ से अधिक डिजाइन के कलेक्शन उपलब्ध हैं।







### कुंदन ज्वलरी खरीदारों की पहली पसंद

तीन दिवसीय प्रदर्शनी में श्रद्धा अग्रवाल, राशि, पल्लवी, पीयूष, भूमिका और नेहा मोदी के स्टॉल चर्चा में रहे, लोगों की पहली पसंद वेडिंग लुक रहा। वेडिंग सीजन के अनुसार न्यू कलेक्शन देखने को मिला, इसमें ड्रेस के साथ डिजाइनर ज्वेलरी और जरी वर्क में वेडिंग ड्रेस की खरीदी की गई। प्रदर्शनी में गोटा वर्क, जरी वर्क, राजस्थानी पैटर्न में दुल्हन पर्स भी उपलब्ध है, लोग लहंगे व साड़ी के अनुसार इसकी खरीदी करना पसंद कर रहे है। प्रदर्शनी के संचालक उमेश ने बताया कि 70 से अधिक स्टॉल प्रदर्शनी में सजाए गए हैं, जिसमें देश के जाने-माने डिजाइनर्स ने भी अपने स्टॉल सजाए हैं। लोगों को वेडिंग, समर, एथनिक और राजवड़ी लुक में अनेक न्यू कलेक्शन देखने को मिलेंगे।

## पंजाबी-साउथ इंडियन गीतों पर जमकर थिरके स्टूडेंट्स





**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स पंजाबी और साउथ इंडियन गीतों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह ने की। प्राचार्य ने ऑडिटोरियम, तालाब सौंदर्यकरण और आसपास स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने का अनुरोध किया, जिसे मुख्य अतिथि पार्षद संदीप साहू ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में खेल और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस वर्ष का प्रतिष्ठित रामलीला सम्मान बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंतर्यामी यारीक को दिया गया। इसके अलावा बी-कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा मधु वर्मा और उनके समूह ने पंजाबी गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा नंदिता तिवारी और उनके समूह ने साउथ इंडियन गानों पर शानदार नृत्य किया। महाविद्यालय के छात्रों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की हुई घोषणा

कार्नर न्यूज

# विनोद कुमार शुक्ल को मिलेगा साहित्य का सबसे बड़ा पुरस्कार, कहा- लिखने को बहुत कुछ बचा है

देश के लोकप्रिय कवि और साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को इस साल ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा। यह 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार होगा। हिंदी के 12वें और प्रदेश के पहले साहित्यकार हैं, जिन्हें इस पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। सुप्रसिद्ध कथाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में चयन किया गया है। बता दें कि इसकी घोषणा शनिवार को नई दिल्ली में ज्ञानपीठ चयन समिति ने की।

**रायपुर।** पुरस्कार की घोषणा के बाद श्री शुक्ल ने कहा कि साहित्य का सबसे बड़ा पुरस्कार मिलने पर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मैं ऐसा महसूस कर रहा हूं कि लिखने के लिए अभी बहुत कुछ बचा है। बता दें कि इससे पहले पेन अमेरिका व्लादिमीर नाबाकोव अवॉर्ड फॉर अचीवमेंट इन इंटरनेशनल लिटरेचर-2023 से श्री शुक्ल को सम्मानित किया गया था। अगस्त में साहित्य अकादमी ने अपने सर्वोच्च सम्मान, महत्तर सदस्यता से विभूषित किया।



### युवाओं में भी लोकप्रिय

विनोद कुमार शुक्ल की कविताएं व उपन्यास युवाओं में भी लोकप्रिय हैं। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले 50 साल से लेखन कर रहे हैं। उनका पहला कविता संग्रह 'लगभग जयहिंद' 1971 में प्रकाशित हुआ था। उनका कहानी संग्रह पेड़ पर कमरा और महाविद्यालय भी बहुचर्चित हैं। विनोद शुक्ल के उपन्यास नौकर की कमीज, खिलेगा तो देखेंगे, दीवार में एक खिड़की रहती थी, हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। उनके उपन्यास 'नौकर की कमीज' पर जाने-माने फिल्मकार मणि कौल ने एक फिल्म भी बनाई थी।

### पुरस्कार में मिलेंगे 11 लाख रुपए

ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ न्यास की तरफ से भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। भारत का कोई भी नागरिक जो 8वीं अनुसूची में बताई गई 22 भाषाओं में से किसी भाषा में लिखता हो, इस पुरस्कार के योग्य है। पुरस्कार में 11 लाख रुपए, प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा दी जाती है। 1965 में 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि से शुरू हुए इस पुरस्कार को 2005 में 7 लाख रुपए कर दिया गया, जो वर्तमान में 11 लाख रुपए हो चुका है। पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 में मलयालम लेखक जी. शंकर कुरुप को दिया गया था।

## होली मिलन

## राजस्थानी बिरहा लोकगीत के साथ कठपुतली नृत्य का प्रदर्शन



**रायपुर।** खेलन दो गणगौर भंवर माता....राजस्थानी बिरहा लोकगीत पर महिला मंडल ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति द्वारा शनिवार को गणगौर पूजा, होली मिलन एवं महिला दिवस का कार्यक्रम रखा गया। समारोह की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ की गई, जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में गणगौर के साथ नजर आईं। महाराष्ट्र मंडल के सभागार में कार्यक्रम रखा गया, जिसमें महिलाओं द्वारा कठपुतली नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर कठपुतली नाटक के दौरान हाथों में डोरी बांधकर गांव की प्रेमकथा का दृश्य प्रस्तुत किया।

### महिलाओं के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका

*अरे जा रे हट नटखट...आया होली का त्योहार...जैसे फाग गीतों पर महिलाओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें रंगबिरंगी पोशाक के साथ फूलों की होली खेली गई। मनमोहक प्रस्तुति के दौरान महिलाओं के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें बचपन से वृद्धावस्था तक की जिम्मेदारियों को बताया गया। इस दौरान अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला समिति की महामंत्री ज्योति राठी ने सभी को गणगौर और होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें एकल व सामूहिक नृत्य शामिल रहा।*

## कठिनाई को आसानी से पार कर सकती है नारी



*रायपुर। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से उपपुलिस अधीक्षक, असिस्टेंट कमांडेंट दुर्ग पारुल खंडेलवाल शामिल हुईं। उन्होंने महिलाओं की ताकत और साहस पर जोर देते हुए कहा कि नारी शक्ति हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने नक्सल प्रभावित सुकमा में अपनी पदस्थापना के दौरान सामने आई चुनौतियों का भी उल्लेख किया और बताया कि नारी जब ठान ले तो किसी भी कठिनाई को आसानी से पार कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष प्रस्तुति हुई, जिसमें गीत, संगीत और नाट्य कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मंडल की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी और मंत्री मीना बजाज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीमा, कमलेश, पूजा, चरणजीत, रीता, डॉ. बग्गा और वंदना ने भी सराहनीय भूमिका निभाई।*

## होली मिलन में सामाजिक कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा




*रायपुर। नामदेव समाज विकास परिषद जिला शाखा द्वारा होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टिकरापारा स्थित सरजू गार्डन के सामने सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चला। इस दौरान सर्वप्रथम भगवान विट्ठल नामदेव की पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद सामाजिक परिचर्चा के साथ होली मिलन हुआ। इस दौरान श्री नामदेव समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष व संरक्षक योगाचार्य केएल नामदेव, इंजीनियर एपी नामदेव (संरक्षक), प्रांतीय अध्यक्ष राजेश नामदेव, प्रांतीय महामंत्री धर्मेश नामदेव, रविंद्र सिंह ठाकुर, दिलीप नामदेव राजेंद्र नामदेव, मनीष नामदेव खोरपा, युवा अध्यक्ष अविनाश नामदेव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।*

'देश-दुनिया में आए दिन कोई न कोई दिवस मनाया जाता है। आज भी एक बड़ा दिन सेलिब्रेट किया जा रहा है। जब पूरी दुनिया 23 मार्च को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मना रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के लिहाज से रायपुर के लालपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अभी तक कितने बदलाव देखे हैं। उनसे जुड़े गर्व के एहसास से रोमांचित होना लाजिमी है। हमारा मौसम विज्ञान केंद्र जीपीएस बेस्ड होने के साथ ही तकनीकी रूप से काफी सक्षम हुआ है।




# मौसम विज्ञान केंद्र अब जीपीएस बेस्ड, तकनीकी रूप से बढ़ी आत्मनिर्भरता, रडार से होगा बेहतर

## आज विश्व मौसम विज्ञान दिवस, रायपुर का मौसम विज्ञान केंद्र राज्य बनने के बाद हुआ सक्षम




**रायपुर।** आने वाले दिनों में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में लग रहा 24 मीटर ऊंचा रडार हमें तकनीकी रूप से और बेहतर करने वाला है।' विश्व मौसम विज्ञान दिवस हमें मौसम और जलवायु के महत्व को समझने और इस क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के बारे में जानने का अवसर भी देता है। 23 मार्च 1950 को जहां विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्थापना होने और उससे जुड़ी यादों को स्मरण करने का अवसर देता है। वहीं रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने 70 के दशक से अब तक कितने बदलाव देखे, वर्तमान में तकनीकी रूप से किस स्थिति में है। यह जानने और उससे होने वाले फायदे का सुखद भी एहसास कराता है। रायपुर के मौसम विज्ञान केंद्र में सेवा देने के साथ ही उपमहानिदेशक पद से रिटायर्ड एमएल साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राज्य बनने से पहले लालपुर केंद्र वेधशाला हुआ करता था। यहां सभी काम मैनुअल होते थे।



### रडार से और बेहतर होगा अनुमान

*उन्होंने आगे बताया कि कई तरह के प्रयास और जद्दोजहद के बाद रायपुर में सेवा के दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने तकनीकी रूप से केंद्र को बेहतर बनाने के लिए जमीन देते हुए सहयोग किया। इसके बाद अब 24 मीटर ऊंचा रडार आकार ले चुका है। इससे आने वाले दिनों में 250 किलोमीटर एरिया के मौसम का सटीक पूर्वानुमान प्राप्त होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 2002 से लगातार कई तरह की तकनीकी दक्षता के मामले में मौसम विज्ञान केंद्र आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ा।*

### अब हर क्षेत्र को मिल रही मदद




उन्होंने बताया कि राज्य बनने के बाद शासन-प्रशासन ने मौसम विज्ञान केंद्र को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किया। इसका फायदा अब हर क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं को भी मिलने लगा है। इस आत्मनिर्भरता से सबसे ज्यादा फायदा खेती-किसानी से जुड़े कृषकों को भी हुआ, जिससे आर्थिक मजबूती के साथ ही मौसम की मार से होने वाले नुकसान से बचाने में भी मदद मिलने लगी है। किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा अलग से जानकारी देने की व्यवस्था भी की गई है। मध्यप्रदेश के जमाने में करीब एक सप्ताह का ही पूर्वानुमान मिलता था।



### बैलून की मदद से जीपीएस बेस्ड

*रायपुर में पदस्थ मौसम वैज्ञानिक डॉ. गायत्री वाणी कंचिभोटला ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि समय के साथ मौसम विज्ञान केंद्र ने कई तकनीकी बदलाव भी देखे। इस कड़ी में ही 1993 से जहां बैलून की मदद से हवा की नमी, स्पीड, टेम्प्रेचर और डायरेक्शन का पूर्वानुमान मिलना शुरू हुआ। अभी इसके प्रयोग के साथ ही इसे जीपीएस बेस्ड किया गया है। इससे मिलने वाले पूर्वानुमान को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, कृषि विभाग, एयरपोर्ट अथॉरिटी, वायुसेना, आर्मी के साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी दिया जाता है।*

रावांभाठा के पास स्थित निमोरा में 4 अप्रैल से होने वाले आयोजन की तैयारी शुरू

# देश के 400 धार्मिक स्थलों के जल-मिट्टी से होगा अतिरुद्र महायज्ञ, 12 अप्रैल को पूर्णाहुति

**रायपुर।** नवरात्रि के अवसर पर रावांभाठा से सटे निमोरा में अतिरुद्र महायज्ञ की शुरुआत होगी। इसके लिए अब तैयारी शुरू हो गई है। महायज्ञ के लिए यज्ञ वेदी बनाने का काम जोरों से चल रहा है। अतिरूद्र महायज्ञ की तैयारी लगभग छह वर्षों से चल रही है। आयोजन के प्रमुख पीलू राम साहू ने बताया कि इससे पहले भी अतिरुद्र महायज्ञ निमोरा में हो चुका है। इसमें शंकराचार्य के साथ ही संत, महंत भी भक्तों को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। उसी के अनुरूप अब अतिरुद्र महायज्ञ की तैयारी शुरू हो रही है। इसमें देश के 400 धार्मिक तीर्थ से लाए गए जल और मिट्टी का उपयोग होगा। इस महायज्ञ की शुरुआत 4 अप्रैल से होगी और 12 अप्रैल को पूर्णाहुति दी जाएगी ।



### नित्य 12 ज्योतिर्लिंग का होगा दर्शन

इस दौरान नित्य 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन, पार्थिव शिव पूजन मंडप, वेदी पूजन, देव पूजन, सहस्त्रधारा महाअभिषेक, अतिरुद्र होमयज्ञ के साथ ही पाठ और पारायण होगा। जहां भक्तों को स्फटिक के शिवलिंग का दर्शन करने का अवसर मिलेगा। आयोजक ने बताया कि मानव जीवन हमें भगवान की भक्ति के लिए मिला है, इसलिए मूर्ति बनाते-बनाते भगवान की भक्ति का अवसर मिला। महायज्ञ के लिए देशभर के 400 धर्मस्थलों, नदियों तक जाने का अवसर मिला है, जहां से जल व पवित्र मिट्टी एकत्रित किया गया।



### शंकराचार्य के साथ आएंगे संत-महंत

इस अतिरुद्र महायज्ञ में भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए शंकराचार्य के साथ ही महामंडलेश्वर सहित संत-महंतों का आगमन होगा। जहां भक्तों को संत-महंत के मुखारविंद से जहां भगवान की अमृत कथा सुनने का अवसर मिलेगा। वहीं संतों के आने और उनसे आशीर्वाद लेने का अवसर भी भक्तों को मिलेगा। आयोजक ने यह भी बताया कि निमोरावासियों का तन-मन से सहयोग मिल रहा है। सभी के सहयोग से ही अतिरुद्र महायज्ञ को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



# प्रशिक्षण के दौरान प्रत्यारोपण और अंगदान की दी जानकारी

**रायपुर।** डीकेएस अस्पताल में सोट्टो छत्तीसगढ़ और रोटो के सौजन्य से प्रदेश के पंजीकृत अस्पतालों के ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर्स के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुजाता अष्टेकर और नीरजा मसूरकर ने सोट्टो वेस्ट मुंबई से विशेष रूप से शिरकत की और कार्यक्रम के वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रत्यारोपण और अंगदान से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। भारत सरकार द्वारा स्थापित सभी स्थायी कानूनों और प्रत्यारोपण के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इस दौरान राज्य नोडल अधिकारी ने मानव अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### प्रत्यारोपण की जरूरत पर चर्चा

*आखिरी दिन राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के संचालक डॉ. अनिल कुमार ने ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से प्रत्यारोपण की जरूरत, उसकी उपयोगिता और इसके लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी सहभागियों को आईडी प्रदान की गई। कार्यक्रम में डीकेएस अस्पताल की अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा, उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा, राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, संयुक्त संचालक डॉ. वरुण अग्रवाल, रोटो से आए आईईसी मीडिया कंसल्टेंट और डाटा कंसल्टेंट भी उपस्थित रहे।*

# पालकी यात्रा में निकले भगवान आदिनाथ, दादाबाड़ी में 2624वीं सामूहिक सामायिक आराधना आज

### महोत्सव का हुआ आगाज, श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट आज मनाएगा भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक

**रायपुर।** सकल जैन श्रीसंघ द्वारा 2624वां भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आदि से वीर तक 22 मार्च से 10 अप्रैल 2025 तक धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ शनिवार सुबह 7.30 बजे कोतवाली चौक स्थित महावीर स्तूप पर जैन ध्वजारोहण कर किया गया। इस दौरान श्री अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद रायपुर के चेयरमैन सुरेश भंसाली, अध्यक्ष मेघराज कांकरिया, सचिव सचिन पारख, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बुरड़, सीए जिनेश जैन, अतुल कातरेला, सुशील दुग्गड़, राजेंद्र पारख, खेमचंद डागा, मनन्या डागा एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से आदि से वीर तक महामहोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें जैन धर्म के



प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से लेकर 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक शामिल है। इसी क्रम में शनिवार सुबह भगवान आदिनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई, जो सदर बाजार जैन मंदिर से शुरू होकर एडवर्ड रोड, आरएस शुक्ला रोड, मालवीय रोड होते हुए कोतवाली चौक स्थित जैन स्तूप पहुंची, जहां जयघोष के साथ जैन ध्वजारोहण किया गया और सदर बाजार जैन मंदिर में यात्रा का समापन हुआ।

### विमान यात्रा निकाली जाएगी

*श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड, रविवार को आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाएगा। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7.30 बजे श्रीजी की विमान यात्रा निकाली जाएगी, जो मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर से निकलकर सदर बाजार जैन मंदिर होते हुए एडवर्ड रोड, आरएस शुक्ला रोड, चिकनी मंदिर, मालवीय रोड होते हुए दिगंबर जैन मंदिर तक जाएगी। भगवान आदिनाथ जन्मकल्याणक के अवसर पर सुबह 8.30 बजे यहां पूजन-अभिषेक होगा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2025 के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 23 मार्च रविवार को सुबह 9.15 से 10.15 बजे तक 2624 सामूहिक सामायिक आराधना के साथ महोत्सव का भव्यता के साथ शुभारंभ होगा।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### देव आदित्य एम.आर.एफ. पेस एकेडमी में प्रशिक्षण हेतु चयनित



रायपुर। एम.आर.एफ. पेस एकेडमी द्वारा 27 मार्च से चेन्नई में आयोजित कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तेज गेंदबाज देव आदित्य सिंह का चयन किया गया है। उक्त कैंप 27 मार्च से विख्यात एम.आर.एफ. पेस एकेडमी, चेन्नई मे आयोजित किया जायेगा। उक्त कैंप हेतु खिलाडियों का ट्रायल 13 से 15 मार्च तक चेन्नई में आयोजित किया गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन पश्चात देव आदित्य सिंह का चयन मुख्य कैम्प हेतु किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय रैफरी गौस ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता में



रायपुर। सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल रेफरी मोहम्मद गौस बेग को एडहाक कमेटी वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा ऑल इंडिया प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु गोरखपुर, उत्तरप्रदेश के लिए रेफरी के रूप में नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऑल इंडिया इनविटेशन वॉलीबाल प्रतियोगिता गोरखपुर में 22 से 25 मार्च को आयोजित की जारी है। जिसमें भारत की प्रमुख टीमें भाग ले रही है।

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में रोमांचक दौर, जारी है मुकाबले



जनेंद्र सिदार

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 22 से 25 मार्च श्रृंखला के पहले दिन 4 मैच खेले गये।

**भिलाई के विरुद्ध रायपुर ब्लू के 128 रन**

बनाम ग्रुप ए का पांचवा चार दिवसीय मैच रायपुर ब्लु एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 39 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 128 रन बना लिये हैं। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीश सिंह धालीवाल ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से नमन ध्रुव ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने 5 विकेट पर 128 रन बना लिए है।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध जांजगीर चांपा के जनेंद्र की शानदार पारी**

ग्रुप ए का छठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं जांजगीर चांपा के मध्य सिविक सेंटर भिलाई मैदान, भिलाई में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

जांजगीर चांपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 279 रन बना लिये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र सिदार ने सर्वाधिक 110 रन तथा संजीव सिंह ने 49 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लु की ओर से परिवेश धर, शहनावाज तथा श्रेयम सुदंरम ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने 7 विकेट खोकर 279 रन बना लियें हैं।

**प्लेट कंबाइंड टीम के रायपुर के विरुद्ध 278 रन**

ग्रुप बी का पांचवा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 278 रन बना लिये हैं। प्लेट कंबाइंड की ओर से हर्ष यादव ने सर्वाधिक 57 रन तथा वैदिक मधुकर ने 37 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड ने 9 विकेट खोकर 278 रन बना लिये है।

**बिलासपुर के विरुद्ध सरगुजा के 222 रन**

ग्रुप बी का छठवां चार दिवसीय मैच सरगुजा एवं बिलासपुर के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 68.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाये। सरगुजा की ओर से आशुतोश सिंह ने सर्वाधिक 87 रन तथा जीशान रजा ने 33 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से धनंजय नायक ने 5 विकेट तथा मयंक यादव ने 4 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 3 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 8 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक बिलासपुर 214 रनों से पीछे है।

---

### डाइटीशियन की सलाह- आहार में शामिल करें कुछ जरूरी चीजें

# एक उम्र के बाद दिल परेशान करे, इसके पहले अपनाईए ऐसा आहार जो दे आपको पूरी राहत

हृदय रोगों की समस्या पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ी है, आश्चर्यजनक रूप से कम आयु के लोग न सिर्फ हृदय की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं साथ ही इसके कारण मौत का जोखिम भी अधिक हो गया है। ज्यादातर शोध बताते हैं कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी इस रोग का एक कारक हो सकती है। समय पर इसपर ध्यान न देने के कारण हार्ट अटैक का जोखिम भी हो सकता है। हृदय स्वास्थ्य की बढ़ती दिक्कतों से बचाव के लिए आहार में सुधार करना जरूरी हो जाता है। डाइटीशियन प्रियंका सहाय बताती हैं, जिस तरह से कम आयु के लोगों में हृदय रोगों की समस्या देखी जा रही है, ऐसे में जरूरी है कि हम समय रहते इसके खतरों को जानें और बचाव के उपाय शुरू कर दें। आहार में कुछ प्रकार की चीजों को शामिल करके हृदय को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।



### क्या कहती हैं आहार विशेषज्ञ?

डाइटीशियन प्रियंका बताती हैं, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की जरूरत है। सिर्फ डाइट या लाइफस्टाइल में सुधार करके ही लाभ नहीं पाया जा सकता है, इसके लिए दोनों का सामंजस्य जरूरी है। अध्ययनों में पाया गया है कि कुछ चीजों को अगर नियमित आहार का हिस्सा बना लिया जाता है तो इससे लाभ मिल सकता है।

हृदय की 40 फीसदी तक बीमारियों के खतरे को कम करने में स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन से मदद मिल सकती है। आइए इस डाइट प्लान के बारे में जानते हैं।

हृदय को स्वस्थ रखने के लिए इन चीजों का आहार में शामिल किया जा सकता है-

हृदय स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, ओमेगा-3। ओमेगा-3 से भरपूर चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर हार्ट की समस्याओं से बचाव कर सकते हैं। ओमेगा-3 स्वस्थ वसा का एक प्रकार है जो हृदय की गति को ठीक रखने और रक्तचाप को कंट्रोल रखने में मदद करता है। कुछ प्रकार के फैटी फिश, नट्स में ये भरपूर मात्रा में पाया जाता है।



हार्ट की समस्याओं से बचाव के लिए आहार में ऑलिव ऑयल को शामिल करना भी बहुत फायदेमंद है। ऑलिव ऑयल भी स्वस्थ वसा है जो हृदय के लिए आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। रक्त वाहिकाओं को मजबूती देने और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने में ऑलिव ऑयल का सेवन करना मददगार हो सकता है।

नट्स भी हृदय की सेहत को ठीक रखने के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। प्रतिदिन एक मुट्ठी अखरोट आपके कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है। यह हृदय की धमनियों में सूजन को रोकने और हृदय की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में भी आपके लिए सहायक है। अखरोट की ही तरह बादाम को भी डाइट में शामिल करना हार्ट के लिए लाभकारी है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि आहार में शकरकंद को शामिल करना भी हार्ट के लिए लाभप्रद है। शकरकंद लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ फाइबर, विटामिन-ए और लाइकोपीन से भी भरपूर होता है। हृदय रोगों के जोखिमों को कम करने और शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के लिए डाइट में शकरकंद को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

हार्ट की समस्याओं को कम करने में विटामिन-सी की भी बड़ी भूमिका रही है। मीठे और रसीले संतरे में कोलेस्ट्रॉल से लड़ने वाला फाइबर पेक्टिन होता है। इनमें पोटेशियम भी होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार है। एक अध्ययन में पाया गया है कि दिन में 100 मिली संतरे का जूस पीना डायस्टोलिक रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है जिससे हृदय स्वास्थ्य में लाभ मिलता है।

-

---



# हल्का वजन उठाकर भी बन सकेगी बॉडी, अपनाईए उपाय

मसल्स गेन/ वजन बढ़ाने के लिए लोग कई तरीके आजमाते हैं। जैसे : वजन बढ़ाने के लिए डाइट लेते हैं। इसके अलावा वजन बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक तरीके अपनाते हैं और मसल्स गेन के लिए डाइट में बदलाव करते हैं। साथ ही जिम जाकर हैवी वेट उठाते हैं आदि।

इसके अलावा कुछ लोग जल्दी वजन बढ़ाने के लिए मास गेनर का प्रयोग करते हैं। हैवी लिफ्ट करने से मसल्स ग्रो करने में मदद मिलती है क्योंकि हैवी लिफ्टिंग से मसल्स में ट्रामा और माइक्रो ट्रॉमा आते हैं। उसके बाद सही न्यूट्रिशन लेने से फूड उनके अंदर जाता है, जिससे मसल्स ग्रो करते हैं।

लेकिन कई लोग हैवी लिफ्ट नहीं करना चाहते और बिना हैवी लिफ्ट किए मसल्स गेन करने का सोचते हैं। क्या यह संभव है? जी हां, यह संभव है। बिना वेट लिफ्टिंग किए भी मसल्स गेन किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए बॉडी वेट एक्सरसाइज के साथ कुछ अन्य तरीके अपनाने होंगे। इनके बारे में आप नीचे जानेंगे...

### अपनी गति बदलें

गति बदलने का मतलब यह है कि आप एक्सरसाइज के रेप्स को धीमा करके मसल्स ग्रो करने के प्रोसेस को बढ़ा सकते हैं। रेप्स स्लो लगाने से अधिक तनाव उत्पन्न होगा, जिससे मसल्स अधिक ब्रेक होंगे। जिस तरह हैवी वेट उठाने पर मसल्स पर टेंशन क्रिएट होती है, उसी तरह स्लो रेप्स करने पर भी टेंशन क्रिएट होगी। यदि आप बहुत धीमी गति से चलते हैं, तो मसल्स हाइपरट्रॉफी भी पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए एक रेप्स में 3 सेकेंड तक का समय लें, क्योंकि यह वेटलिफ्टिंग के लिए सबसे अच्छी गति होती है। इससे अधिक धीमी गति करने से मसल्स हाइपरट्रॉफी कम हो सकती है।

### अपनी क्षमता बढ़ाएं

क्षमता बढ़ाने से मतलब यह है कि आप वेट उतना ही उठाएं और रेप्स भी उतने ही लगाएं। लेकिन हर सेट को और बेहतर बनाने की कोशिश करें और फुल फोकस के साथ, कंट्रोल के साथ और मसल्स माइंड को इंगेज करते हुए रेप्स करें। अधिक कंट्रोल्ड तरीके से एक्सरसाइज करना भी हैवी वेट उठाने के बराबर होता है। क्योंकि बिल्कुल सही फॉर्म में एक्सरसाइज करने से मसल्स पर अधिक तनाव उत्पन्न होता है। इसलिए, बेहतर तरीके से एक्सरसाइज करने के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाए रखें।


### रेस्ट टाइम को कम करें

अगर हम सेट के बीच में 3 मिनट आराम के साथ एक निश्चित वजन के 10 रेप्स करते हैं, तो इसी वजन के साथ आप जो 3 मिनट का रेस्ट ले रहे हैं, उसे 2 मिनट का कर दीजिए।



---

# पैरेंट्स के लिए रूम डिजाइन करते समय ना करें ये वास्तु मिसटेक्स



जिस तरह घर में बच्चों के लिए अलग से रूम बनाया जाता है, ठीक उसी तरह पैरेंट्स के लिए भी रूम डिजाइन किया जाता है। हालांकि, पैरेंट्स का रूम डिजाइन करते हुए कुछ छोटी-छोटी वास्तु मिसटेक्स नहीं करनी चाहिए।

### कमरे में क्लटरिंग होना

जब भी आप पैरेंट्स के रूम को डिजाइन करें तो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि उनके कमरे में बहुत अधिक क्लटरिंग ना हो। आप वहां पर अपने पैरेंट्स की जरूरत के अनुसार फर्नीचर रख सकते हैं, लेकिन बहुत अधिक फर्नीचर रखने से बचें। ऐसा करने से पैरेंट्स को कमरे में चलने में परेशानी हो सकती है और वे असहज महसूस कर सकते हैं। इतना ही नहीं, जब भी आप उनके कमरे में फर्नीचर इस्तेमाल करें तो ध्यान दें कि उसके कोने राउंड हो। शॉर्प कोने वाले फर्नीचर वास्तुशास्त्र में बहुत अच्छे नहीं माने जाते हैं।

### दिशा को नजरअंदाज करना

कमरा डिजाइन करने से भी ज्यादा जरूरी होता है उसकी दिशा का ख्याल रखना। अगर पैरेंट्स का कमरा गलत दिशा में बनाया जाता है तो इससे वह अक्सर परेशान रहते हैं या फिर उन्हें नेगेटिव फीलिंग्स आ सकती हैं। कोशिश करें कि पैरेंट्स का कमरा हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा में बनाया जाए। अगर आप चाहें तो पैरेंट्स की सुविधा का ध्यान रखते हुए उनके कमरे में अटैच बाथरूमभी बनवा सकते हैं।

### बहुत अधिक इलेक्ट्रोनिक आइटम्स इस्तेमाल करना

कोशिश करें कि पैरेंट्स के कमरे में बहुत अधिक इलेक्ट्रोनिक आइटम्स का इस्तेमाल ना किया जाए। दरअसल, इलेक्ट्रोनिक आइटम्स से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन निकलती है, जो उन्हें नुकसान पहुंचाती हैं। हालांकि, आप उनके कमरे में एक टीवी लगवा सकती है, लेकिन वह टीवी उनके बेड से कम से कम चार से पांच फुट दूर होना चाहिए। जिससे इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन के कारण उन पर कोई नेगेटिव असर ना हो।

### खिड़की को नजरअंदाज करना

यूं तो घर में सही तरह से वेंटिलेशन के लिए खिड़की का इस्तेमाल करना जरूरी माना जाता है, लेकिन पैरेंट्स के कमरे में खिड़की होना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पैरेंट्स का कमरा कुछ इस तरह डिजाइन किया जाए कि उन्हें कमरे में धूप व हवा सही तरह से मिले।

---

# एक जैसा नाश्ता मिलने से बोर हो गए हैं तो आजमाइए इन्हें



आजकल लोगों की लाइफस्टाइल काफी व्यस्त होती जा रही है, ऐसे में लोगों के पास सही से नाश्ता करने का समय नहीं होता। सुबह के वक्त हर किसी को इतनी जल्दबाजी होती है कि वो नाश्ते के ऐसे विकल्प तलाशने लगते हैं, जिसे बनाना काफी आसान हो।

**सूजी चीला_** बेसन का चीला ज्यादा कुरकुरा नहीं होता है, ऐसे में आप इसमें सूजी डालकर इसका स्वाद कई गुना बढ़ा सकती हैं। इसके लिए आपको बस बेसन में थोड़ी सी सूजी मिलानी होगी।

**मूंगदाल का चीला:** अगर बेसन के चीले से भी ज्यादा हेल्दी कुछ खाना चाहते हैं, तो मूंगदाल का चीला एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको बस मूंगदाल का पेस्ट बनाकर उससे चीला तैयार करना है। इसे आप हरी चटनी और सौंठ के साथ परोस सकती हैं।

**आलू चीला:** अगर आप कुछ स्वादिष्ट सा खाना और बनाना चाहती हैं, तो आलू का चीला एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको उबले हुए आलू को कद्दूकस करके इसका इस्तेमाल करना है।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# धूम मचाएगा 'स्क्विड गेम 3' का ट्रेलर, कई खतरनाक खेलों से भरा होगा



'स्क्विड गेम 2' की सफलता के बाद दर्शक बेसब्री से इस सीरीज के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 3' की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। 'स्क्विड गेम' को वैश्विक स्तर पर दर्शकों का प्यार मिला है। अब इसका तीसरा और आखिरी सीजन धमाल मचाने के लिए तैयार है। वहीं, अब सीरीज के ट्रेलर पर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

प्रशंसक 'स्क्विड गेम 3' के पहले ट्रेलर के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं, जो कथित तौर पर मई में रिलीज होगा। दर्शकों को उम्मीद है कि इसका ट्रेलर सीरीज की तीसरी किस्त के लिए उत्साह बढ़ा देगा। हाल ही में रिलीज की गई पहली झलक वाली तस्वीरों के जरिए यह बताया गया था कि इस सीजन में खेल और भी ज्यादा खतरनाक होंगे।

इस वर्ष की शुरुआत में जारी किए गए एक 17 सेकंड के टीजर वीडियो में नए किरदार चुल-सु को पेश किया गया था। चुल-सू का संकेत पहली बार पोस्ट-क्रेडिट दृश्य में दिया गया था। स्क्विड गेम ने अपनी चौंकाने वाली डायस्टोपियन दुनिया से विश्व स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन किया था, जहां प्रतियोगी बच्चों के खेल में भाग लेते हुए सचमुच अपने जीवन के साथ जुआ खेलते हैं। नए खेलों और पहले से कहीं अधिक दांव के साथ सीजन 3 एक दमदार क्लाइमेक्स पेश करेगा। इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली गैर-अंग्रेजी टीवी सीरीज थी, प्राइमटाइम एमी पुरस्कार में नामांकन मिला और इसने अवॉर्ड भी जीता। 'स्क्विड गेम सीजन 3' 27 जून 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

# शूटिंग के दौरान ओडिशा की सबसे ऊंची चोटी 'देवमाली' पहुंचे राजामौली



फिल्म निर्माता एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' ने पहले ही प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है। राजामौली इस फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम कर रहे हैं। दोनों इस फिल्म के निर्माण में व्यस्त हैं। अब एसएस राजामौली ने फिल्म की शूटिंग के बीच सेट से एक वीडियो साझा किया है।

कुछ दिनों से फिल्म की टीम ओडिशा के जंगल में शूटिंग कर रही थी। फिल्म निर्माता ने ओडिशा के कोरापुट में प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू के साथ शूटिंग शेड्यूल पूरा कर लिया है और यहां तक कि कोरापुट के लोगों के गर्मजोशी भरे मेहमान नवाजी के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया था। शेड्यूल ओडिशा के सुरम्य कोरापुट जिले में आयोजित किया गया था। इस बीच अब राजामौली ने इस यात्रा का वीडियो साझा किया।

राजामौली ने एक्स पर ओडिशा की सबसे ऊंची चोटी देवमाली की अपनी सोलो ट्रिप का एक वीडियो साझा किया। राजामौली ने लिखा कि ऊपर से दृश्य बिल्कुल लुभावना था। इस अनोखे निर्देशक ने दुखद स्थिति पर दुख व्यक्त किया, क्योंकि पर्वत शिखर पर ट्रेकर्स द्वारा फेंके गए कचरे से भरा हुआ था। उन्होंने लिखा, 'पथ को कूड़े से भरा हुआ देखना निराशाजनक था। ऐसे प्राचीन चमत्कार बेहतर के हकदार हैं। थोड़ी सी नागरिक भावना बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है... हर विजिटर को इन स्थानों की रक्षा करने में मदद करने के लिए अपना कचरा वापस ले जाना चाहिए।' इससे पहले मंगलवार को जब राजामौली ने 'एसएसएमबी 29' के एक्शन से भरपूर शेड्यूल को पूरा किया तो सैकड़ों प्रशंसकों ने स्टार निर्देशक से मुलाकात की और स्थानीय एसएचजी द्वारा बनाए गए विशेष उपहारों के साथ उनका स्वागत किया। एक नोट में राजामौली ने कोरापुट के लोगों को धन्यवाद दिया और उनसे वादा किया कि वह इस क्षेत्र में आगे की शूटिंग के लिए वापस आएंगे।

### भोजपुरी

# प्रिया ने चलाया खेसारी पर जादू, नए गाने 'टुकलिया जान मारता' में दिखी गजब केमिस्ट्री



भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के अभिनय और गानों के फैंस दीवाने हैं। खेसारी भी दर्शकों को निराश नहीं करते और हर गाने में अपने शानदार अंदाज से मनोरंजन करते दिखाई देते हैं। अब वे नया गाना 'टिकुलिया जान मारता' आया है। यह गाना आज शुक्रवार 21 मार्च को रिलीज हुआ है और ट्रेंड कर रहा है।

इस गाने में खेसारी लाल यादव और प्रिया रघुवंशी नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने को खेसारी ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। गाने के लिरिक्स अखिलेश कश्यप ने लिखे हैं। म्यूजिक डायरेक्ट आर्य शर्मा ने किया है। इस गाने को अब तक करीब दो लाख व्यूज मिल चुके हैं। प्रिया रघुवंशी गाने में खेसारी की पत्नी के रोल में नजर आ रही हैं। खेसारी लाल यादव किताब लेकर पढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं प्रिया उन्हें रिझाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं, खेसारी पर कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा, वे पूरी तरह से एकाग्र होकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की काफी अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर लिख रहे हैं, 'गर्दा उड़ा दिया'। कुछ यूजर लिख रहे हैं, 'जोड़ी कमाल है'। हाल ही में खेसारी के गाने 'लोहा गरम' और 'सरसो के तेलवा' रिलीज हुए। यह उनकी फिल्म 'रिश्ते' के गाने हैं, जो होली पर 14 मार्च को रिलीज हुई।



लाइफ स्टाइल

## ‘अति’ का जलवा

2025 में, मैक्सिमलिज़्म यानि अधिकतम एक शानदार वापसी कर रहा है, जिसमें चमकीले रंग, बोल्ड पैटर्न और उदार संयोजनों को शामिल करने वाले डिज़ाइन हैं। यह प्रवृत्ति लोगों को अद्वितीय शैली विकल्पों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो फैशन को व्यक्तित्व के उत्सव में बदल देती है। मैक्सिमलिज़्म का मतलब सिर्फ ‘अति’ नहीं है बल्कि यह अलग दिखना और परंपराओं को तोड़ना भी है।

# बदलते मौसम में शरीर पर हो रही है खुजली तो नहाने के पानी में मिलाएं कुछ खास चीजें

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं।

### नीम के पत्ते

भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं।



ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### सिरका

अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं।

# ऑफिस में है पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं अपना जलवा



मौका किसी त्योहार का हो या फिर किसी अन्य फंक्शन का। यह हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे से गर्मजोशी से मिलते है और इस दौरान एक दूसरे की स्टाइल और फैशन पर ध्यान तो जाता ही है। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है।



इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए किसी न किसी बात पर पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। ऐसी पार्टियों में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग अपनी पसंद के रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं।

अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो आपके लिए कुछ सुझाव है।

शरारा सूटः आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

**अंगरखा सूटः** ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**साड़ी :** अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**जींस और कुर्ता :** अगर ऐसा कपड़ा पहनना चाहती हैं, जो आरामदायक भी हो तो जींस के साथ कुर्ता पहनें। जींस में आप अपना मोबाइल भी रख सकती हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो फूलों के प्रिंट वाला स्पेशल कुर्ता अपने लिए खरीद सकती हैं।

**अनारकलीः** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो आप इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। ये आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

# अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

साड़ी हो या सूट कभी-कभी इनके बोरिंग स्टाइल हमें अच्छे नहीं लगते, तो कभी ट्रेंड में रहने वाले स्टाइल जैसे- टिप नेक, वन-स्ट्रिप ब्लाउज को पहनने का माहौल नहीं होता। ऐसे में आप केवल अपनी ड्रेस की स्लीव्स को स्टाइलिश बनाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं, क्योंकि स्लीव्स अगर थोड़ा ट्रेंडी हों तो पूरा लुक नया हो जाता है। आप इन्हें अपने बड़ों और रिश्तेदारों के सामने या पूजा-पाठ में भी आराम से पहन सकती हैं।

**बलून स्लीव्स :** इसकी स्लीव फ्री स्टाइल होती है, जो लास्ट में फिटेड बेल्ट से कंप्लीट हो जाती है। अगर आपके हाथ पतले हैं तो यह आपके लिए ही है। वैसे तो यह हर फैब्रिक पर चल जाती है, लेकिन ऑर्गेंजा फैब्रिक में यह एकदम क्लासी लुक देती है।

**फिट एंड फ्लेयरः** वेलवेट सूट में इस तरह की स्लीव्स बहुत सुंदर लगती हैं। इन्हें आप शादियों में पहन सकती हैं। इसे कोहनियों तक फिट किया जाता है और फिर एक फ्लेयर पैटर्न होता है।

**कॉउल और प्लीटेडः** अगर आप एथनिक स्टाइल में मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो आपके



लिए यह स्लीव स्टाइल बेस्ट है। इस पैटर्न में स्लीव्स प्लेटेड और लास्ट में फिटेड बेल्ट लगी होती है। मोटे बाजू वाली महिलाएं शिफॉन या जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक में इस तरह की स्लीव्स बनवाएं तो बहुत सुंदर लगती हैं।

**सिंगल स्ट्रिपः** इस तरह की स्लीव्स सदाबहार हैं। ये सिंगल स्ट्रिप स्लीव्स होती हैं, इसलिए इनमें बाजू पूरी खुली रहती हैं। ये सूट, साड़ी और आपके एथनिक टॉप पर खूब फबती हैं। हेवी फैब्रिक, जैसे- बनारसी, सिल्क को ये मॉडर्न टच देती हैं।

**लेस वर्कः** इसमें डबल लेस वर्क किया जाता है। आजकल कॉटन की जालीदार या क्रोशिया पर डिजाइन की गई लेस भी काफी ट्रेंड में है। इसमें स्लीव्स का आधा हिस्सा लेस और प्लेटेड वर्क से कवर रहता है।


# अच्छी हेयर स्टाइल की समझें अहमियत, जरूर मिलेगी तारीफ

आपको गुड लुक्स देने में आपकी ड्रेस और स्किन केयर रूटीन का भी योगदान होता है। लेकिन इस बात को ये कहकर इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि लोग सिर्फ कपड़ों को देखते हैं, स्किन, हेयर केयर या हेयर स्टाइल को नहीं।

आपके मन में अगला सवाल पक्का यही आया होगा कि शादी सीजन में कैसे गुड लुकिंग दिखें? गुड लुकिंग दिखने की पहली शर्त आपकी शानदार हेयर स्टाइल है। अच्छी हेयर स्टाइल आपके पूरे लुक्स को ट्रांसफॉर्म कर सकती है।

### मीडियम लेंथ बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल मीडियम लेंथ के हैं और उनका टैक्स्चर भी स्मूथ है तो, आप फवाद खान के क्लासिक स्लीक बैक लुक को अपना सकते हैं। ये काफी पुराना लेकिन क्लासिक लुक है जो एथनिक वियर के साथ बेहतरीन तरीके से मिक्स एंड मैच किया जाता रहा है। हालांकि ये आपको पक्का करना होगा कि आपके बाल सही शेप में हों और उनकी केयर



अच्छी तरह से की गई हो। अगर आप किसी खास डेट पर स्पेशल दिखना चाहते हैं तो कम से कम एक महीने पहले से किसी प्रोफेशनल की मदद लेना ठीक रहेगा।

### लंबे बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप शाहिद कपूर का स्टाइलिश मॉप लुक आजमा सकते हैं। आपको करना सिर्फ इतना है कि आपको अपनी साइड्स को ट्रिम करना है, सिर के टॉप पर बालों की लेंथ को अच्छा रखना है।

कार्नर न्यूज

## लड़कों को अपनी स्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए, लोग करेंगे तारीफ

# इस मौसम में टीशर्ट पहनते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट लुक

जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नहीं कर पाते। खास तौर पर आज के मौसम में जबकि गर्मी पूरी तरह से आई नहीं है, ऐसे में आपको हल्के-फुल्के टी-शर्ट खूब जचेंगे। टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नहीं लगेगा। तो चलिए बिना देर करते हुए इन टिप्स के बारे में आपको बताते हैं।



### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।

### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।

### बटन रखें बंद



टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।

### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता हैं। ऐसे में कोशिश करें कि जो टीशर्ट आप पहनने जा रहे हैं, उसमें जेब न हो।